सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.2 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76024.51 |
| निफ्टी | 23165.70 |
| सोना | 92,840 |
| चांदी | 1,03,366 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मैं अपने हर मैच में करना चाहता हूं बेहतरीन प्रदर्शन

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 2 अप्रैल 2025 | 20 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 93, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## पंचम मां स्कंदमाता



**पांचवें** नवरात्र पर मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने से मंदबुद्धि भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार यानी स्वामी कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। स्कंदमाता की गोद में उनके पुत्र स्कंद शोभायमान हैं। स्कंदमाता को मां दुर्गा का ममतामयी रूप माना गया है। ऐसा माना जाता है नवरात्र में मां के इस रूप की पूजा करने से मां संतान सुख का आशीर्वाद देती हैं।

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रित करद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंद माता यशस्विनी॥**
**या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

## आज का मैच



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs गुजरात टाइटंस

समयः रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली दंगे: कपिल मिश्रा के खिलाफ होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में दिल्ली सरकार में कानून मंत्री कपिल मिश्रा को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों में कथित भूमिका के संबंध में कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच के आदेश दिए। कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है।

### राजस्थान : फैक्टरी में गैस लीक, 3 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 की मौत हो गई। दो लोगों की हालत अब भी गंभीर है। गैस के प्रभाव से तबीयत खराब होने पर 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवर और आवारा कुत्तों की भी मौत हुई है।

### लेह में भूकंप से डोली धरती, 4.2 रही तीव्रता

**लेह।** लद्दाख के लेह में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप शाम 5.38 बजे आया। फिलहाल कहीं से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बेचैनी, निराशा के भंवर में फंसी कांग्रेस-भाजपा -पेज 2
- हिमाचल में 140.90 करोड़ से बनेंगे 21 पुल -पेज 3
- 32 साल बाद केंद्र को सौंपी जाएगी टाइगर मेमन की संपत्ति -पेज 13
- ब्रैथवेट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, शाई होप होंगे टी-20 टीम के नए कप्तान -पेज 14


### भाजपा-कांग्रेस ने लोकसभा में सांसदों की मौजूदगी के लिए जारी किया व्हिप

# वक्फ संशोधन बिल आज होगा पेश, चर्चा को मिले आठ घंटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में बुधवार दोपहर को वक्फ संशोधन बिल पेश किया जाएगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास होगा। भाजपा और कांग्रेस ने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) ने जब यह जानकारी दी, तो विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। सपा सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। वहीं, वक्फ संशोधन बिल पर मंगलवार को भी लोकसभा में हंगामा हुआ। चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी ने बिल का समर्थन करने की घोषणा की है।



### सरकार का मकसद नफरत फैलाना : ओवैसी

**एआईएमआईएम** प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को 'वक्फ बर्बाद बिल' कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का एकमात्र मकसद मुसलमानों से नफरत फैलाना और हिंदुत्व की विचारधारा लागू करना है। ओवैसी ने चंद्रबाबू नायडू से अपील की कि उन्हें सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए कि वे क्या करवाना चाहते हैं।

### सभी दलों को बोलने का अधिकार : रिजिजू

**संसदीय** कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि हम बिल पर चर्चा चाहते हैं। सभी राजनीतिक दलों को इस पर बोलने का अधिकार है। देश भी जानना चाहता है कि किस पार्टी का क्या स्टैंड है, अगर विपक्ष चर्चा में शामिल नहीं होना चाहता तो हम उन्हें रोक नहीं सकते।

### हर अच्छे काम का होता है विरोध : योगी

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध होता है। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है, जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का भी कोई कल्याण किया है? वक्फ सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जे का माध्यम बन गया है।

# भारत और चिली व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता करने पर सहमत

### चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और दक्षिणी अमेरिकी देश चिली व्यापक व्यापार समझौते करने पर सहमत हुए हैं। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट भारत दौरे पर हैं और उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर बात हुई। बोरिक पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारी टीमों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बातचीत की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। पीएम मोदी ने चिली को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेशद्वार के तौर पर देखता है। दोनों देश डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पेरियासामी कुमारन ने कहा कि अभी दोनों देशों के बीच आंशिक व्यापार समझौता है।



### चिली में योग दिवस का ऐलान हमारे लिए प्रेरणा की बात

**पीएम** मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है और उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। यह बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है।

### चिली ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन

**चिली** के राष्ट्रपति बोरिक ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। हम भारत के ऑडियो विजुअल उद्योग को चिली ले जाना चाहते हैं। इसके लिए हमने 'शूट इन चिली' कार्यक्रम की शुरुआत की है। बॉलीवुड के जरिए भारत ने जो किया है, वह काबिलेतारीफ है। हम भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का भी समर्थन करते हैं, साथ ही सुरक्षा परिषद में सुधार का भी समर्थन करते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में बुलडोजर एक्शन को ठहराया असंवैधानिक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**यूपी सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को फटकार**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घर ध्वस्त करने की प्रक्रिया को असंवैधानिक ठहराया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमानवीय तरीके से की गई।

कोर्ट ने कहा कि नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं ढहाया जा सकता। पीठ ने कहा कि इसने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया जैसी कोई चीज होती है। शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह छह हफ्ते के अंदर मकान मालिकों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा दे। इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने प्रयागराज में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई की थी और कहा था कि इससे चौंकाने वाला और गलत संकेत गया है।

**संजौली मस्जिद मामला**

# निगम आयुक्त 6 मई तक केस को निपटाए: हाईकोर्ट

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में मंगलवार को संजौली मस्जिद मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने लोकल रेजिडेंट की एग्जीक्यूशन पटीशन पर बीते 28 मार्च के आदेशानुसार, नगर निगम आयुक्त शिमला को संजौली मस्जिद केस 8 मई से पहले निपटाने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर निगम के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं, नगर निगम आयुक्त कोर्ट 25 अप्रैल को संजौली मस्जिद केस की सुनवाई करेगा। इस दिन उम्मीद की जा रही है कि 16 साल से निगम कोर्ट में चल रहा केस खत्म हो जाएगा।

# सुक्खू जिलाध्यक्षों की लिस्ट के साथ पहुंचे दिल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस संगठन में फिर से पेंच फंस गया है। कांग्रेस के बड़े नेता प्रदेश में संगठनात्मक जिलों की संख्या बढ़ाने की हाईकमान से मांग कर रहे हैं, जबकि कई नेता इसका विरोध कर रहे हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिलाध्यक्षों की लिस्ट लेकर दिल्ली पहुंच गए हैं। सीएम सुक्खू से चर्चा के बाद कांग्रेस हाईकमान संगठन को फाइनल कर सकता है और इसी सप्ताह राज्य, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित की जाएगी।



पार्टी सूत्र बताते हैं कि राज्य और ब्लॉक कार्यकारिणी लगभग फाइनल हो गई है। जिला कार्यकारिणी को लेकर अंतिम फैसला होना है। सूत्रों के अनुसार, रजनी पाटिल ने सुक्खू को सभी जिलों के अध्यक्षों की लिस्ट के साथ दिल्ली बुलाया है, क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पहले ही राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की लिस्ट हाईकमान को सौंप चुकी हैं। सुक्खू की पाटिल से चर्चा के बाद संगठनात्मक जिलों की संख्या बढ़ाने को लेकर फैसला हो सकता है। प्रदेश में अभी कांग्रेस के 13 संगठनात्मक जिले है। दूसरी तरफ भाजपा के 17 संगठनात्मक जिले है। वहीं, प्रतिभा सिंह ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की अहमदाबाद में होनी वाली बैठक के लिए बुधवार को रवाना होंगी।

# गुजरात के बनासकांठा में पटाखा गोदाम में आग से 18 लोगों की मौत, पांच घायल

**एजेंसी, पालनपुर (गुजरात)**

**गुजरात** के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा गोदाम में आग लगने और इमारत के कुछ हिस्से ढहने से 18 लोगों की जान चली गई और पांच मजदूर घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर डीसा कस्बे के पास स्थित गोदाम में हुई है।

पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ और इमारत का स्लैब ढह जाने से पांच मजदूर भी घायल हो गए। मृतक मध्य प्रदेश के मजदूर और उनके परिवार के सदस्य थे। अधिकतर की मौत स्लैब गिरने से हुई।



### सीएम भूपेंद्र ने मृतकों को 4-4 लाख और घायलों को 50-50 हजार देने का किया ऐलान

**मुख्यमंत्री** भूपेंद्र पटेल ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को चार लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। पटेल ने 'एक्स' पर कहा कि दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिजनों के साथ में मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों को जल्द से जल्द उचित उपचार मिले।

**असहयोग** मास्टरमाइंड की है 50 करोड़ की संपत्ति, पंजाब सरकार से नहीं मिली अनुमति

# क्रिप्टो करंसी के ठग की संपत्ति नहीं हो रही सीज

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में 2500 करोड़ क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में मास्टरमाइंड विजय कुमार जुनैजा की पंजाब में स्थित 50 करोड़ की संपत्ति पंजाब सरकार से अनुमति न मिलने के कारण सीज नहीं हो पा रही है।

हिमाचल पुलिस विभाग की एसआईटी ने आरोपी की संपत्ति की मैपिंग करवा ली है। पंजाब सरकार को बार-बार संपत्ति जब्त किए जाने को लेकर पत्र लिखे गए हैं, लेकिन अभी तक अनुमति नहीं दी गई है। मास्टरमाइंड जुनैजा कांगड़ा की जेल में बंद होने के बावजूद अन्य चैनलों से अपनी संपत्तियों को बेचने की फिराक में है। जुनैजा चंडीगढ़ में बिजनेस एरिया, खरड़ में आठ से अधिक 25-26 अपाटमेंट वाली बिल्डिंग सहित अन्य 50 करोड़ से अधिक संपत्तियों का मालिक है। वहीं, क्रिप्टो करंसी ठगी का मुख्य आरोपी मंडी का सुभाष दुबई छुपा हुआ है। इस मामले में अब तक करीब 77 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में अब तक मुख्य आरोपियों की 48 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी सीज की जा चुकी हं। वहीं, 2500 करोड़ रुपए की राशि का मुख्य सरगना सुभाष अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। एसआईटी की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी विजय जुनैजा क्रिप्टो करंसी ठगी के मास्टरमाइंड सुभाष, हेमराज, सुखदेव, अभिषेक का पैसे इन्वेस्ट करता था। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में सबसे पहली एफआईआर कांगड़ा जिले के पालमपुर में दर्ज की गई थी, जिसमें जांच को लेकर स्पेशल इन्वेस्टेगेशन टीम का भी गठन किया गया है, जो कि हर पहलू की जांच पड़ताल कर रही है। आरोपियों ने हिमाचल में करीब एक लाख से अधिक लोगों को ठगा है। (अनंत ज्ञान)



### आरोपी की संपत्ति की हो चुकी है मैपिंग



**एसएसपी** कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में आरोपी विजय कुमार जुनैजा की चंडीगढ़ व खरड़ सहित अन्य क्षेत्रों में 50 करोड़ की संपति की मैपिंग की गई है। पंजाब सरकार को संपत्ति सीज करने की अनुमति मांगी गई है, जो कि अभी तक नहीं मिली है। अनुमति मिलने पर संपत्ति फ्रीज व सीज कर अटैच की जाएगी।




# हिमाचल में 140.90 करोड़ से बनेंगे 21 पुल

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के तहत मिली परियोजनाओं को मंजूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



फाइल फोटो


हिमाचल प्रदेश को प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2024-25 के बैच-एक में पुल परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की तरफ से इस आशय का पत्र राज्य सरकार को भेजा गया है, यह मंजूरी सशक्त समिति की सिफारिश और प्रदेश सरकार की प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर दी गई है।

जानकारी के अनुसार स्वीकृत परियोजनाओं में कुल 970.772 मीटर लंबाई के 21 पुलों का निर्माण शामिल है, जिनकी कुल लागत 140.90 करोड़ रुपए होगी। इनमें से 126.81 करोड़ रुपए का वित्तीय भार ग्रामीण विकास मंत्रालय उठाएगा, जबकि शेष 14.09 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन करेगी। इन पुलों के निर्माण से विशेष रूप से हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और मंडी जिलों में ग्रामीण संपर्क को सुदृढ़ किया जाएगा।

इस योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलों को उन्नत किया जाएगा, ताकि सड़क संपर्क में सुधार किया जा सके। हमीरपुर जिले में बसी से सरकाघाट मार्ग पर चैंथ खड्डु, सीर खड्डु और लिंडी खड्डु पर पुलों का उन्नयन किया जाएगा। इसके अलावा, बक्कर खड्डु, जमली खड्डु और घुडविन खड्डु पर पुलों का भी विकास किया जाएगा। जिले के अन्य महत्वपूर्ण पुलों में लाल घर नाला, मंजही खड्डु, देही खड्डु, धलियारा खड्डु, मनेड खड्डु और कहुली खड्डु पर पुलों का उन्नयन भी प्रस्तावित है।

कांगड़ा जिले में मौल खड्डु पर 40 मीटर लंबा पीएससी बॉक्स गर्डर पुल बनाया जाएगा, जबकि कुल्लू जिले में संज खड्डु पर दो स्टील ट्रस पुलों का उन्नयन किया जाएगा। लाहौल-स्पीति जिले में चौखांग नाला, चेनाब नदी, किशोरी नाला, तैलिंग नाला और मूरिंग नाला पर पुलों को अपग्रेड किया जाएगा। मंडी जिले में पंडोह में ब्यास नदी पर 110 मीटर लंबे डबल-लेन मोटरेबल पुल का उन्नयन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### यह मंजूरी कुछ विशिष्ट शर्तों के साथ दी गई: विक्रमादित्य सिंह



**प्रदेश** के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इन परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंजूरी कुछ विशिष्ट शर्तों के साथ दी गई है, ताकि निर्माण कार्य में उच्चतम गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। राज्य सरकार पुल निर्माण से पहले जलग्रहण क्षेत्र की गणना, हाइड्रोलिक डेटा, भू-तकनीकी जांच और संरचनात्मक डिजाइनों का सत्यापन करेगी। इसके अलावा, परियोजना कार्यान्वयन की निगरानी के लिए विशेषज्ञों से युक्त एक पुल प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार स्वतंत्र निरीक्षकों की तैनाती करेगी और गुणवत्ता जांच के लिए कठोर मानकों का पालन सुनिश्चित करेगी, जिसमें पाइल इंटेग्रिटी टेस्ट और आईआरसी मानकों के अनुसार स्वीकृति भार परीक्षण शामिल होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की हिमाचल सरकार की विशेष अनुमति याचिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की उस विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया है, जिसमें अस्सिटेंट लाइब्रेरियन के मामले को हाईकोर्ट के फैसले के बाद चुनौती दी गई थी।

एसएलपी के खारिज होते ही सरकार ने नोटिफिकेशन भी कर

### हाईकोर्ट के फैसले पर लगी मुहर

दी है। अब राज्य के अस्सिटेंट लाइब्रेरियंस को इसका लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को दी गई चुनौती को लेकर कहा कि इस फैसले में हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है।

### मामले की पृष्ठभूमि

**लैक** राम शर्मा और अन्य याचिकाकर्ता हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में सहायक लाइब्रेरियन के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पहले यूजीसी वेतनमान दिए गए थे। और वे चयन ग्रेड के लिए पात्र थे, जिसमें 37,400 रुपए-67,000+एजीपी 9,000 रुपए का वेतनमान शामिल था। हालांकि, 19 जून, 2018 को एक आदेश के माध्यम से उनके वेतनमान को घटाकर 37,400-67,000+एजीपी 8,000 रुपए कर दिया गया, जिसे 22 अक्तूबर, 2021 को लागू किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इस कटौती को चुनौती दी। यह तर्क देते हुए कि वे पहले एक अन्य मामले (एलपीए नंबर 146/2009, निर्णय तिथि 23 दिसंबर, 2015) में पक्षकार थे, जिसमें अदालत ने सहायक लाइब्रेरियन को समान वेतनमान देने का आदेश दिया था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि 15 अक्तूबर, 2009 की अधिसूचना के अनुसार, तीन वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहायक लाइब्रेरियन (चयन ग्रेड) 37,400-67,000+एजीपी 9,000 रुपए के वेतनमान के पात्र थे।

### क्या है मामला

**इधर** असल में यूजीसी स्केल के तहत जो वेतन मांग दिया गया था उसमें इस श्रेणी के अस्सिटेंट लाइब्रेरियन चयन ग्रेड के लिए पात्र थे। लेकिन वेतनमान में कटौती कर दी गई थी। किस कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। यह मामला काफी समय से लंबित चल रहा था। अदालत ने पाया कि वेतनमान में कटौती अनुचित थी, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने आवश्यक सेवा अवधि पूरी कर ली थी और वे उच्च वेतनमान के हकदार थे। अदालत ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया, यह उल्लेख करते हुए कि यह अपील समय और संसाधनों की बर्बादी थी।

# स्वच्छता अभियान से शुरू होगा भाजपा का राज्य स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर और श्री रामनवमी के पवित्र दिवस पर सभी भाजपा कार्यालयों में स्वच्छता अभियान के उपरांत पार्टी का झंडा फहराएंगे और भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण करेंगे। डॉ बिंदल ने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर परिवारजनों के साथ मिलकर भाजपा का झंडा फहराएंगे।

उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक बूथ चलो अभियान होगा, जिसमें सभी प्रमुख कार्यकर्ता एक-एक बूथ पर जाएंगे और जन संपर्क अभियान करेंगे। 7 व 8 अप्रैल को हर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का विधानसभा अनुसार सम्मेलन होगा। ज्ञात रहे कि हिमाचल प्रदेश भाजपा ने इसी वर्ष 18 लाख साधारण सदस्य व 27 हजार सक्रिय सदस्य बनाए हैं। 13 अप्रैल के सायंकाल प्रदेश के सभी स्थानों पर जहां-जहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं लगी हैं, उनकी साफ-सफाई करके दीपक जलाए जाएंगे।

14 अप्रैल अंबेडकर की जयंती पर इन सभी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा व पुष्प अर्पित किए जाएंगे। 14 से 25 अप्रैल के मध्य भाजपा के हर मंडल पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी।

# नशे के व्यापारी को तीन माह की जेल



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस को एक ओर कामयावी मिली है। नशे के सौदेबाजी में संलिप्त एक आरोपी पर पुलिस ने कार्रवाई कर उसे 3 महीने के लिए कारागार में निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी सागर पुत्र इशाक मोहम्मद निवासी बिंद्रावन पालमपुर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 अभियोग पंजीकृत हैं। जानकारी के अनुसार नशे का कारोबारी काफी समय से नशा बेच रहा था। पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस की धारा 3 के तहत कार्रवाई की स्वीकृति प्राप्त की। इसके बाद आरोपी को 3 माह के लिए कारागार में भेजने का आदेश दिया गया। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस नशा माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरैंस नीति के तहत काम कर रही है।

# महिलाएं राजनीति की मुख्य धारा से जुड़ें: युवा कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने और शक्ति अभियान को राज्यभर में विस्तारित करने हेतु मंगलवार को शिमला के राजीव भवन में शक्ति अभियान की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिलाओं को मुख्यधारा की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने पर व्यापक चर्चा हुई। इस बैठक में शक्ति अभियान की संधिरा, शारदा, अनिता और सचिन की उपस्थिति रही।

# कर्ण नंदा ने राज्यपाल को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने मंगलवार को राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं। नंदा ने एक प्रेस बयान में बताया कि सरकार ने चिट्टे की तस्करी सहित अन्य अपराधों पर कड़ाई बरतने के लिए हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध, निवारण और नियंत्रण विधेयक 2025 को विधानसभा में पारित कर दिया। नंदा ने विधेयक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी को भेजने का सुझाव दिया और इस विधेयक में खनन सहित अन्य अपराधों को पहले ही जोड़ दिया है।


























## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** नगर परिषद मैदान कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश मेडिकल एसोसिएशन कांगड़ा की तरफ से क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने किया। उन्होंने एचएमओए कांगड़ा के इस आयोजन की सराहना की। इसके अलावा डॉ. विवेक करोल आरएचडब्ल्यूटीसी छेब विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन मैचों का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ के प्रति जागरूकता करना है। इस आयोजन में डॉ. उदेह अध्यक्ष एचएमओए कांगड़ा, डॉ. अल्पना, डॉ. अंकुश, डॉ. मनिका, डॉ. नीतीश मिन्हास, डॉ. विजय, डॉ. विजय, डॉ. सुनीश, डॉ. परवीन,डॉ. राजेश, डॉ. प्रदीप, डॉ. अमित, डॉ. अंकित, डॉ. विक्रम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विवेक शर्मा ने पौधों को जल देना किया शुरू



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के पर्यावरण संरक्षण प्रेमी एवं लेक्चरर ने 'हर आंगन एक पौधा' अभियान के तहत ज्वालामुखी क्षेत्र में हरित क्रांति लाने एवं पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित करने के उद्देश्य से अपने दोस्तों दुकानदार अरुण कुमार व सेना के जवान नागी जम्बाल के योगदान से बरसात के दिनों में लगभग 750 फलदार व छायादार पौधों को गर्मियों का आगाज होते ही टैंकर के माध्यम से जल देना शुरू कर दिया है । उन्होंने पिछले साल 2024 में अरुण कुमार और नागी जम्बाल के सहयोग से 'हर आंगन एक पौधा अभियान की शुरुआत की थी । पौधों की देखभाल करने के साथ-साथ वे हर सप्ताह रविवार के दिन पौधों को नियमित रूप से पानी देते हैं । स्थानीय जनता इन पर्यावरण प्रेमियों को सम्मानित करेगी ।

### कल टांडा रेंज में होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला ।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 3 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### विद्यार्थियों ने आपदा से निपटने के सीखे गुर

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा एसडीआरएफ के सौजन्य से आपदा प्रबंधन कौशल प्रशिक्षण हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीआरएफ की ओर से विनोद कुमार और उनकी टीम उपस्थित रही। इस प्रशिक्षण में टीम के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को भुकंप, आगजनी, बाढ़ जैसी प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं में स्वयं और दूसरों को बचाने, कृत्रिम स्ट्रेचर बनाने, घायलों को उठाने, प्राथमिक चिकित्सा देने, सीपीआर देने के गुर सिखाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। ये कार्यक्रम प्रो. अजय कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### आशा वर्कर संघ की बैठक विश्राम गृह नूरपुर में संपन्न

**भूषण शर्मा, नूरपुर ।** विश्रामगृह नूरपुर में आज आशा वर्कर संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।इसमें संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में आशा कार्यकर्ताओं के मात्र 300 रुपए बढ़ाने को एक भद्दा मजाक बताया। मदन राणा और शशीलता ने बताया कि एक आशा वर्कर द्वारा विभाग जितना काम लेता है उसकी एवज में उनको दिया जाने वाला मानदेय बहुत कम है। इनकी माने तो विभाग के अधिकारी उनसे सुबह 9 बजे से चार बजे तक काम लेते है और उन्हें पीएचसी में बैठाए रखते है जबकि उनकी अटेंडेंस लगने का प्रावधान नहीं है।

# गांवों में जमा होगा प्लास्टिक कचरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने आज ग्राम पंचायत मनेड़ से विकास खंड धर्मशाला के प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनवरी व फरवरी 2025 की ग्राम सभाओं में पंचायतों में स्वच्छता शुल्क लगाने के बाद, विकास खंड धर्मशाला की सभी 27 पंचायतों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने सभी गांवों-वार्डों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एक जरूरी पहलू है, क्योंकि हर घर में प्लास्टिक सहित ठोस कचरा उत्पन्न होता है। सड़कों, नदियों या पहाड़ियों की ढलानों पर प्लास्टिक कचरे के ढेर से बचने के लिए, पंचायतों ने प्लास्टिक कचरे को समाप्त करने के लिए हाथ मिलाया है। उन्होंने बताया कि पंचायतों ने अपने स्तर पर कचरा प्रबंधकों के साथ एक वर्ष के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए हैं



**योल कैंट को इस योजना में किया जा रहा शामिल**

और प्लास्टिक कचरा संग्रहण गतिविधि के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान, स्वच्छता घटक निधिद्ध को रखने का निर्णय लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सभी पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के तहत कुल 40 लाख रुपए रखे गए हैं। इसके अलावा धर्मशाला पंचायत समिति के सभी सदस्यों द्वारा 5 लाख रुपए और जिला परिषद सदस्यों द्वारा 6 लाख 50 हजार रुपए 2025-26 में प्लास्टिक कचरा संग्रहण गतिविधि के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान में से रखे गए हैं।

पंचायतों में घरों से कचरा संग्रहण और स्वच्छता के लिए सभी पंचायतों में मासिक आधार पर स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 6 लाख 20 हजार रुपए एकत्र किए जाएंगे। स्वच्छता शुल्क की राशि अलग-अलग रहेगी, जिसमें प्रत्येक घरों से आम तौर पर 50 रुपए, दुकानों से 100-250 रुपए, होटल, रेस्तरां, होम स्टे से 500 से 1000 रुपए तक शुल्क लिया जाता है, जो कचरे की मात्रा पर निर्भर करेगा।

हेमराज ने बताया कि धर्मशाला की सभी 27 पंचायतों में वार्ड-गांव वार सर्वेक्षण करके विस्तृत योजना तैयार की गई है और ग्राम पंचायत रक्कड़, कनेड़ और पद्दर में प्लास्टिक कचरे का क्लस्टर स्तर पर प्रबंधन किया जाएगा। हाल ही में पंचायत क्षेत्र में शामिल योल कैंट को भी इस अपशिष्ट प्रबंधन योजना में शामिल किया जा रहा है।

**सीसीटीवी कैमरे होंगे स्थापित गंदगी फैलाने पर होगा जुर्माना**

**उपायुक्त** ने बताया कि धर्मशाला विकास खंड की ग्राम पंचायतों ने फैसला लिया है कि पंचायत क्षेत्र में कचरा फैलाते हुए पकड़े जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और अगर प्रदूषण करने वाला बार-बार पकड़ा जाता है तो राशि बढ़ सकती है। हॉटस्पॉट के पास विभिन्न पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत तंगरोटी खास ने एक कैमरा लगाया है। जिसके सहयोग से दो उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना लगा उनसे दो हजार रुपए वसूले गए हैं।

**चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम**

**डीसी** ने बताया कि ग्राम पंचायत टऊ, जूहल, सौकणी दा कोट, रक्कड़ जैसी पंचायतों में धौलाधार क्लीनर्स, वेस्ट वॉरियर्स जैसे एनजीओ के साथ मिलकर जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके तहत क्षेत्र के निवासियों, होटलों, होम स्टे में इसके दुष्प्रभावों पर जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा।

# बाथू की लड़ी में वसूला जा रहा टैक्स और सुविधाएं जीरो

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

पौंग बांध स्थित पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान स्वर्ग को जाने के लिए निर्मित बाथू दी लड़ी एक ऐतिहासिक स्थल है जहां दूर-दूर से पर्यटक आते है। इसी ऐतिहासिक स्थल का कुछ माह पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने दौरा किया था। तब उन्होंने इसे पर्यटक की दृष्टि से विकसित करने की बात कही थी।

इस विकसित करना तो दूर, जहां बैठने, शौचालय जैसी सुविधाएं दूर-दूर तक नहीं है ऐसे में विभाग ने जहां पर पर्ची काटने शुरू कर दी है। पर्ची काटने का पर्यटकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों ने पर्ची काटने पर एतराज जताया है। पर्यटक कपिल शर्मा ने कहा की शौचालय, बैठने जैसी कोई सुविधाएं नही हैं, मगर वन्य प्राणी विभाग ने बाथू दी लड़ी में जाने वाली बस की टिकट 200 रुपए, जबकि बस में बैठी हर सवारी की

**पर्यटकों द्वारा पर्ची काटने पर जताया जा रहा एतराज**

10 रुपए पर्ची काटी जा रही है। प्रत्येक कार की 110 रुपए और मोटरसाइकिल की 80 रुपए की व प्रति व्यक्ति 5,10, 20, 50 रुपए चार्ज कर रहा है।

पर्यटक प्रैम लता ने सरकार, प्रशासन व वन्य प्राणी विभाग से मांग की है कि पर्यटकों से पर्ची काटना बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसे विकसित करने की बात की थी मगर विभाग ने विकसित करने की बजाए पर्ची काटने शुरु कर दी है।

पर्यटक एवं फतेहपुर निवासी अजय सिंह का कहना है की मंदिर खंडहर बना हुआ है। जिन लोगों को डैम बनने पर वहां से विस्थापित किया गया, उनकी पीड़ा आज भी कोर्ट-कचहरी के चक्करों में फंसी है। विस्थापितों को आज तक न्याय नहीं मिल पाया है, ऊपर से धरोहर जर्जर हालत में है।

## 61 एयरपोर्टों में कांगड़ा टॉप पर

**अनंत ज्ञान, गगल**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में 30 मार्च को वार्षिक समारोह दिल्ली में आयोजि किया गया। जानकारी देते हुए गग्गल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया के 30 मार्च को दिल्ली में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 61 एयरपोर्टों के अधिकारियों ने भाग लिया।

निदेशक ने कहा कि यह हर्ष का विषय है की इन सभी एयरपोर्ट में से कांगड़ा एयरपोर्ट को प्रथम स्थान पर चुना गया । उन्होंने कहा इसका श्रेय विमान यात्रियों को जाता है जिन्होंने एयरपोर्ट पर आकर सारे कार्यक्रम को देखकर इसकी सराहना की। कांगड़ा एयरपोर्ट में कार्यरत अग्निशमन विभाग, अभियांत्रिकी सिबिल, टर्मिनल ऑपरेशन, हिमाचल पुलिस, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, इलेक्ट्रिक, एयरपोर्ट सिक्योरिटी, एयरलाइंस कंपनियां, सफाई कर्मचारी व प्रेस का सहयोग इत्यादि की सहयोग से आज 61 एयरपोर्टों में कांगड़ा एयरपोर्ट टॉप पर रहा।

निदेशक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में राजामुंदरी एयरपोर्ट दूसरे स्थान पर रहा, वहीं मदुरै इंटरनेशनल एयरपोर्ट तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विपिन कुमार ने प्रथम स्थान पर आए कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह को 2024 की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सदस्य भी उपस्थित रहे।




दिल्ली में प्रथम पुरस्कार हासिल करते कांगड़ा एयरपोर्टके निदेशक धीरेंद्र ।

## हेलिपोर्ट स्वीकृति का निर्णय उड़ान योजना का तोहफा : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के हेलिपोर्ट स्वीकृति का निर्णय केंद्र की मोदी सरकार की उड़ान योजना का ही तोहफा है, न की सुक्खू की सरकार का। यह शब्द भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहे।



तत्कालीन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराज्य सिंधिया के प्रयास पूर्वक और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से हिमाचल में 4 चार नए हेलिपोर्ट के निर्माण के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उड़ान 5-1 योजना के तहत 52 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे। कपूर ने कहा कि भारतीय विमान पतन प्राधिकरण क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान 5-1 के अंतर्गत हिमाचल के रिकांगपिओ, चंबा, पालमपुर और धर्मशाला के रक्कड़ जैसे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी देना और पूर्व भाजपा सरकार ने वर्ष 2021 में इसके लिए प्रयास शुरू किए थे और वर्ष 2022 के अंत में मोदी सरकार ने उड़ान योजना 5-1 के अंतर्गत 52 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे।

## छात्र आरव जरियाल ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंगडेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के कक्षा पांचवीं के छात्र आरव जरियाल ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। आरब जरियाल के पिता का नाम पंकज जरियाल तथा माता का नाम शिपाली देवी है।

आरव जरियाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा बिना कोचिंग के पहले ही अटेम्प्ट में उत्तीर्ण कर ली है। आरव जरियाल के माता-पिता ने इस सफलता का सारा श्रेय स्कूल के अध्यापकों को दिया। इस उपलक्ष पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र तथा एमडी पवन चौधरी ने बच्चे की खुशी को बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा साथ ही बताया कि सतत् परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। हमें हर क्षण परिश्रमी बने रहना चाहिए।

उन्होंने बच्चे को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बाकी बच्चों को भी इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## अंशिका ने पास की नवोदय की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, गगल।** ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर की छात्रा अंशिका ने जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से आयोजित परीक्षा पास करके स्कूल का नाम रोशन किया है। ठाकुर काशीराम स्कूल में हर वर्ष कोई न कोई विद्यार्थी इस परीक्षा में सफल हुए हैं।



अंशिका ने कहा कि सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया व अध्यापकों तथा अभिभावकों को जाता है। प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया व नीता राणा ने कहा की अंशिका ने पांचवी कक्षा की परीक्षा धर्मशाला ब्लॉक के अंतर्गत दी थी जिसमें अंशिका प्रथम स्थान पर रही थी उसके आधार पर अंशिका का चयन नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है । अंशिका नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश करेगी।




# अनंत फैशन एंड ब्यूटी

## यह हेयर मास्क लौटा देगा आपके बालों की खूबसूरती

*फ्रिजी और डल होने के कारण हमारे बालों की शाइन कहीं खो सी जाती है, जिसे वापस लाने के लिए हम कई बार अपने शैंपू और कंडीशनर बदलते रहते हैं। यहां तक की अलग-अलग ब्रांड के हेयर ऑयल का इस्तेमाल करना भी नहीं भूलते हैं। इतना कुछ करने के बाद भी अगर आपके बाल वैसे ही रुखे और बेजान नजर आते हैं, क्यों न नेचुरल चीजों से तैयार नुस्खा अपनाया जाए। आज हम आपको एक ऐसा हेयर मास्क बनाने का तरीका बताने वाले हैं, जिसे कंटेंट क्रिटर भावना मेहरा ने मिक्सी में घुमाकर तैयार किया है। ये नुस्खा*





*आपके बालों से फ्रिजीनेस को दूर करने, डलनेस से छुटकारा दिलाने और ब्रेकेज को दूर कर बालों पर चमकदार और खूबसूरत बनाने में फायदेमंद साबित होगा। भावना मेहरा के बताए इस हेयर मास्क में उस नेचुरल इंग्रेडिएंट्स का इस्तेमाल किया गया है जो बालों का भरण-पोषण करने में फायदेमंद होती है। जैसे नारियल का तेल, एलोवेरा जेल, मेथी दाना और यहां तक की दही भी, जो स्कैल्प क्लीनिंग का काम करती है। जब इतनी सारी फायदेमंद चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा तो जाहिर सी बात है कि अब आपके बालों की खोई ही खूबसूरती को वापस लौटने से कोई नहीं रोक सकता है। आइए हम इस नेचुरल हेयर मास्क को बनाने का तरीका जानें।*

### हेयर मास्क बनाने के लिए क्या चाहिए?

**1.** करी पत्ता- 1 कटोरी, **2.** मेथी- 1 चम्मच पानी- 1/2 कप, **3.** सूखे गुड़हल के फूल- 1 कटोरी, **4.** कैस्टर ऑयल- 1 चम्मच, **5.** नारियल का तेल- 1 चम्मच, **6.** फ्रेश एलोवेरा जेल- 1 कटोरी, **7.** दही- 1 बड़ा कटोरा

### ऐसे तैयार करें हेयर मास्क

*सबसे पहले आप आधे कप पानी में मेथी दाना को भिगोकर रख दें। अब आप मिक्सी लें और सबसे पहले उसमें 1 कटोरी करी पत्ता, भीगी हुई मेथी पानी सहित, सूख गुड़हल के फूल डाल दें। अब इसमें कैस्टर ऑयल, नारियल का तेल, फ्रेश एलोवेरा जेल और 1 बड़ा कटोरा दही का डाल दें।*

इन सभी चीजों को मिक्सी में घुमा लें और स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। लीजिए तैयार है बालों की चमक और खूबसूरती लौटाने वाला हेयर मास्क। आप इसे अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं और 30-45 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद हेयर वॉश कर लें और फिर बिना ड्रायर का इस्तेमाल किए बालों को हवा में सूखने दें। आप खुद छू कर देखें कैसे आपके बाल इतने शाइनी और सिल्की हो गए हैं कि हाथों से फिसले जा रहे हैं।



## उम्र के हिसाब से करें सही सीरम का इस्तेमाल

*आजकल स्किन केयर के प्रति लोग इतने जागरूक हो गए हैं कि खुद ही ऑनलाइन अपनी स्किन के हिसाब से प्रोडक्ट्स ऑर्डर कर देते हैं। इसमें कोई हर्ज नहीं है, अगर आप अपनी स्किन को अच्छे से जानते हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन अगर आप अपनी स्किन प्रोब्लेम्स को दूर करने के लिए इंटरनेट पर बताए गए किसी भी सीरम का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपकी स्किन को हानि पहुंच सकती है। हम ऐसे इसलिए कह रहे हैं क्योंकि डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर जुशिया भाटिया सरीन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने उम्र के हिसाब से सही सीरम का इस्तेमाल करने के बारे में बताया है। हम चाहते हैं कि आपकी स्किन सही सीरम इस्तेमाल करें ताकि आपके चेहरे का ग्लो बना रहे। इसलिए आज हम आपको डॉक्टर के बताए उम्र की हिसाब से सही सीरम बताने वाले हैं।*

**डॉक्टर** जुशिया भाटिया सरीन ने कुछ ऐसे सीरम के बारे में बताया है जिन्हें आप किसी भी उम्र में इस्तेमाल कर सकते हैं। इस लिस्ट में विटामिन सी जो सन प्रोटेक्शन के लिए फायदेमंद होता है और सैलिसिलिक एसिड जो ब्लैकहेड्स के लिए फायदेमंद है। इनका इस्तेमाल करके आफ अपनी स्किन को साफ और चमकदार बना सकते हैं।

**मिड 20 की एज के लिए बेस्ट सीरम**

20 से लेकर 26 साल की उम्र की महिलाएं और पुरुष चेहरे से कम होते कोलेजन को ठीक करने के लिए रेटिनॉल का इस्तेमाल करना शुरू कर सकते हैं। वहीं अगर आप स्किन टोन को इवन करना चाहते हैं तो नियासिनैमाइड सीरम का इस्तेमाल करना बेहतर साबित हो सकता है। 25-26 की उम्र वो उम्र होती है जब हम अपनी स्किन पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते हैं और काम के चलते हमारी आंखों के नीचे काले घेरे और हल्के-हल्के झुर्रियों के निशान आने लगते हैं।



## फैशन वीक में दिखा करीना का परफेक्ट लुक



*जब फैशन की बात आती है तो अभिनेत्री करीना कपूर को कोई नहीं हरा सकता। करीना किसी भी स्टाइल को पूरी तरह से परफेक्शन और ग्रेस के साथ अपनाती हैं। हाल ही में करीना ने लैक्मे फैशन वीक की 25वीं सालगिरह के मौके पर वहां पहुंची। यहां पर उन्होंने फैशन को खास ट्रिब्यूट देते हुए रेड कार्पेट पर अपनी स्टाइल में अपना जलवा बेखेरा। इस मौके पर करीना ने रिया कपूर द्वारा स्टाइल की गई मनीष मल्होत्रा की खास ड्रेस पहनी।*

**रात** के लिए, करीना ने मनीष मल्होत्रा की आइवरी रंग की ड्रेस पहनी थी, जिसके ब्लाउज को चमकीले सेक्विन और कढ़ाई से सजाया गया था, और इसमें एक गहरी नेकलाइन फिट चोली और एक छोटा हेम था। करीना ने अपने लुक को एक स्टेटमेंट स्कर्ट के साथ अटैच किया जिसमें प्लीटेड डिटेलिंग, सॉफ्ट फूलों की कढ़ाई, सेक्विन एम्बेलिशमेंट और फर्श तक फैली हुई हेम लंबाई थी। स्टार ने अपने लुक को मैचिंग आइवरी ट्यूल दुपट्टे के साथ परफेक्ट बनाया, जिसमें फ्लोरल एप्लीक वर्क, लेस एम्ब्रॉयडरी और सेक्विन एम्बेलिश मेंट थे। करीना ने अपने लुक को स्टेटमेंट रिंग, डायमंड चोकर नेकलेस और मैचिंग इयररिंग्स से पूरा किया। अपने मेकअप के लिए उन्होंने हल्का ग्लैम बेस, बहुत सारा हाइलाइटर और ब्लश, डार्क आइब्रो, सॉफ्ट स्मोकी लिड्स, लैशेज पर मस्कारा, पिंक लिप्स और लाइट कंटूरिंग का इस्तेमाल किया। उनके इस हल्के मेकअप लुक को आप भी ट्राई कर सकती है, जो आपकी खूबसूरती में निखार ला सकता है।

## नए जमाने की दुल्हनें अपनाएं ये ट्रेंड्स, हर नजर होगी आप पर

**भारतीय शादियां समय के साथ बदल रही हैं और 2025 में दुल्हनें अपने पहनावे में परंपरा और आधुनिकता का परफेक्ट मिश्रण अपनाएंगी। यह साल क्लासिक भारतीय बुनाई, ग्लैमरस कोर्सेट चोली, रंगीन रत्नों और लंबे घूंघट के लिए याद किया जाएगा। अगर आप भी इस वेडिंग सीजन शादी करने जा रही हैं, तो इन ब्राइडल ट्रेंड्स को जरूर बुकमार्क करें।**



**कोर्सेट चोली-स्टाइल और एलिगेंस का परफेक्ट मेल**

**कोर्सेट** चोली 2025 की दुल्हनों के लिए सबसे हॉट ट्रेंड में से एक है। यह पारंपरिक ब्लाउज का एक बोल्ड और मॉडर्न वर्जन है, जो दुल्हनों को एक ग्लैमरस लुक देता है। खासकर फिशटेल लहंगे के साथ पहने जाने पर यह चोली रॉयल और एलीगेंट लुक प्रदान करती है। संगीत और रिसेप्शन में इसे पहनना ट्रेंड में रहेगा।

**भारतीय बुनाई की वापसी-क्लासिक है हमेशा ट्रेंडिंग**

2025 की दुल्हनें बनारसी, कांजीवरम, चिकनकारी और घरचोला जैसी भारतीय बुनाई को फिर से अपनाने वाली हैं। ये शानदार डिजाइन पीढ़ियों से हमारे पारंपरिक परिधानों का हिस्सा रहे हैं और अब मॉडर्न टच के साथ वापस आ रहे हैं। ऐसी साड़ियां न केवल शाही लुक देती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़ाव भी बनाए रखती हैं।

**चमकीले रत्नों की बढ़ती लोकप्रियता**

अंबानी वेडिंग इफेक्ट या व्यक्ति गत पसंद, 2025 में दुल्हनें पारंपरिक हीरों से हटकर पन्ना, माणिक, नीलम और पुखराज जैसे रंगीन रत्नों की ओर बढ़ रही हैं। ये बोल्ड और जीवंत पत्थर दुल्हन के आभूषणों को एक अलग पहचान देते हैं, जिससे उनका लुक सबसे अलग और आकर्षक बनता है।



# चौथे नवरात्र पर मंदिरों में जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

नवरात्रों में जिला कांगड़ा के मंदिर घंटियों की आवाज से गूंज रहे हैं। मंदिरों में भजन गाए जा रहे हैं। मां का दीदार करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। मंदिरों को सुगंधित पुष्पों सजाया गया है। यहां पर दूर-दूर से भक्त दर्शन पूजन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

**सुबह चार बजे ही कतारों में लगे श्रद्धालु, विशेष अनुष्ठान भी जारी**

चैत्र नवरात्रे के चैथे दिन जिला के शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं को भारी भीड़ रही। मंदिर न्यासों की ओर से दर्शन की कतारों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। साथ ही मंदिर परिसर में सफाई और पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस बार का उत्साह और भक्ति भाव कुछ अलग ही नजर आ रहा है। मंदिरों में प्रबंधन भक्तों की सुविधा के लिए लगातार कार्य कर रहा है, ताकि हर कोई आसानी से माता के दर्शन कर सके और अपनी श्रद्धा अर्पित कर सके। तीनों शक्तिपीठों कांगड़ा बज्रेश्वरी देवी, चामुंडा देवी, व ज्वाला मुखी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन करते हुए भक्ति रंग में डूबते नजर आए। चैत्र नवरात्र के चैथे दिन श्रद्धालु सुबह 4 बजे से ही मंदिर में कतारें लगाकर माता के दर्शन करते नजर आए। माता के दर्शन के लिए स्थानीय लोगों के साथ ही पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और यूपी के अलग-अलग स्थानों से भी श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। भक्त सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में खड़े होकर दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते नजर आए। नवरात्रों में मंदिर परिसर में सुबह से विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है तथा भक्तजन मां के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं।


श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा।


ज्वालामुखी मंदिर।

नवरात्रे के चैथे दिन मंदिरों में माता कुष्मांडा जी की भी पूजा की गई। माता कुष्मांडा 8 भुजाओं वाली दिव्य शक्ति हैं। माता कुष्मांडा सिंह की सवारी करती हैं। उन्हें परमेश्वरी का रूप माना जाता है। देवी पुराण में बताया गया है कि विद्यार्थियों को नवरात्रि में मां कुष्मांडा की पूजा जरूर करनी चाहिए। मां दुर्गा उनकी बुद्धि का विकास करने में सहायक होती हैं। माता रानी कामों में आने वाली सभी रुकावटों को दूर कर देती हैं। देवी कुष्मांडा, दुर्गा मां का चैथा रूप है। देवी भागवत पुराण में उनकी महिमा का वर्णन है।

मान्यता है कि माता कुष्मांडा की एक हल्की सी मुस्कान अंधकार को दूर कर देती हैं, इसलिए आज के दिन माता रानी को प्रसन्न करना भक्तों के लिए बहुत शुभ माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता कुष्मांडा ने अपनी हल्की सी मुस्कान से ब्रह्मांड बनाया था और सृष्टि के अंधकार को अपनी हल्की सी मुस्कान से ही दूर कर दिया था। माता में सूर्य की गर्मी सहने की शक्ति है। इसलिए उनकी पूजा करने से भक्तों को शक्ति और ऊर्जा मिलती है। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष अनुष्ठान भी करवाया जा रहा है। तीनों शक्तिपीठों सहित शक्तिपीठ माता बगुलामुखी में भी हजारों की तादात में श्रद्धालुओं दूसरे प्रदेशों से पहुंच रहे हैं। यहां भी मंदिर को फूलों से सजाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## ज्वालामुखी में चढ़ा 9,93,418 रुपए का चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जोतां वाली ज्वालामुखी मंदिर में चैत्र माह के दूसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने 9,93,418, रुपए का चढ़ावा मां के चरणों में अर्पित किया। दूसरे नवरात्र पर लगभग 13000 श्रद्धालुओं ने मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि मन्दिर न्यास यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। धार्मिक नगरी मां ज्वालाजी देवी के भजनों और जयकारों से गुंजायमान हो उठी है। श्रद्धालु शान्ति पूर्ण तरीके से लाइनों में लगकर मां ज्वालादेवी जी के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर न्यास द्वारा निःशुल्क लंगर, निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। ज्वालामुखी शहर में यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए बाहरी राज्यों से आ रही बड़ी गाड़ियों को शहर से बाहर ही पार्किंग व्यवस्था की गई है, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। श्रद्धालु दंडवत होकर महामाई की दुर्गा स्वरूपा ज्योतियों के लिए दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं।



**वहीं** शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में पंजाब के बठिंडा निवासी श्रद्धालु ने वर्षों पुरानी मनोकामना पूरी होने पर माता ज्वाला के चरणों में 53 ग्राम सोने का छत्र अर्पित किया। श्रद्धालु परिवार के साथ माता के दरबार में पहुंचा और विधि-विधान से स्वर्ण छत्र माता के गर्भगृह में चढ़ाया। मंदिर प्रशासन ने इसे विधिवत स्वीकार कर अपने पास सुरक्षित जमा कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिक समारोह में बच्चों ने मचाई धूम




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदिरा मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल एवं अध्यक्ष ललित मोहिनी सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवचन एवं पुष्प अर्पित करके किया। इस मौके पर इंदिरा मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल तथा अध्यक्ष ललित मोहिनी ने बताया कि यह स्कूल काफी सालों से इंदौरा में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्यरत है। उन्होंने बताया कि पिछले साल सातवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक लेने वाली दिव्या को 5100 रुपए प्रोत्साहन के तौर पर दिए हैं।

### महादेव विद्यालय का शरारती तत्वों ने तोड़ा दरवाजा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां तहसील के प्राथमिक विद्यालय महादेव (बड़ोग लाहड़) में शरारती तत्वों द्वारा कमरे का दरवाजा तोड़ने का मामला सामने आया है। शरारती तत्वों द्वारा कमरे का दरवाजा तोड़ने की क्या मंशा रही होगी? उक्त कमरे में रखा मिड डे मील का सारा सामान जिसमें बड़ी एलसीडी सहित लाखों का कीमती सामान सुरक्षित व व्यवस्थित है। स्कूल के मुख्याध्यापक भीम सिंह राणा ने बताया कि दो दिनों की छुट्टी के बाद जब वे स्कूल पहुंचे तो कमरे का दरवाजा टूटा देखकर उन्हें सामान चोरी होने का शक हुआ। उन्होंने इस घटना की सूचना एसएससी प्रधान तथा पंचायत को दी। मौके पर पहुंचे एसएमसी प्रधान तथा पंचायत ने कमरे के अन्दर रखा सारा सामान सुरक्षित व व्यवस्थित पाया। हालांकि स्कूल प्रशासन ने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए हैं। स्कूल प्रशासन ने फिलहाल इस घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को दे दी है।

### एबीवीपी ने सीयू में मांगी स्थायी कुलपति की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी लगातार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ती की मांग उठा रहा है। स्थाई कुलपति न होने की वजह से विश्वविद्यालय में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 3 सालों से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति न होने से छात्र वर्ग को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करने पड़ रहा है। प्रदेश सह मंत्री अभिनव चैधरी ने कहा की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव का तबादला बीते दिनों हो चुका है ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक इस विषय पर भी कोई सुध नहीं ली जा रही है।

### पशुओं के लिए रखा चारा जलकर राख

**अनंत ज्ञान, जसूर।** नूरपुर मंड मियानी पंचायत में पिछली रात एक परिवार की सारी खुशियां गम में तब्दील हो गई जब मुराददीन नामक व्यक्ति के घर और पशुओं के लिए रखा चारा सारा जलकर राख हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेड ने इंदौरा से आकर आग पर काबू पाया तब तक सब राख हो चुका था। पंचायत प्रधान काशमदीन ने कहा कि एक दुखद घटना है सभी लोग अपने घरों में ईद मना रहे थे लेकिन अचानक मुराद्दीन के घर आग लग गई। बाद में पता चला कि गैस सिलेंडर लीक होने से यह आग लगी जिससे पीड़ित व्यक्ति का सारा घर और सामान जलकर राख हो गया उन्होंने प्रशासन से व सरकार से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत सहायता देने की बात कही है। ठाकुरद्वारा पुलिस चौकी प्रभारी चमन सिंह ने मौके पर पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कुरल में 18,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत 31 मार्च को कुरल पंचायत में मनीष कुमार गांव व डाकघर कुरल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा से 18,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### दिव्यांग खिलाड़ी आकृति को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने स्पेशल विंटर ओलंपिक गेम्स इटली में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व कर कांस्य पदक विजेता पुराना कांगड़ा की दिव्यांग खिलाड़ी आकृति को 31 हजार रुपए की राशि भेंट का सम्मानित किया। आकृति ने स्पेशल ओलंपिक गेम्स में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अथलेटिक्स स्केटिंग की 50 मीटर और 100 मीटर प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश, देवभूमि हिमाचल ओर कांगड़ा नगरकोट का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। विधायक काजल ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि भारत के लिए कांस्य पदक जीत नहीं वाली खिड़की आकृति हमारे विधानसभा क्षेत्र के से संबंध रखती है। उन्होंने आकृति और उसके पिता संजय, माता सुषमा, दादी तुलसी देवी ओर अन्य परिजनों को बधाई दी। इस मौके पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रमेश महेशी, सत प्रकाश सोनी,नगर पार्षद पुष्पा देवी, भाजपा नेता सतीश चौधरी, मोहित सैनी आदि उपस्थित रहे।

### दो युवक साइकिल पर निकले भारत भ्रमण पर

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** युवाओं और समाज को एक संदेश देने के उद्देश्य से दो युवकों ने साइकिल पर भारत भ्रमण की है अंगूठी पहल।इन दोनों युवाओं की भ्रमण के दौरान हुई सुलियाली मे मुलाकात हुई। एक युवक ने अपनी यात्रा 26 जनवरी 2025 को विहार से नशा मुक्त भारत बनाने, युवाओं की खेलकूद की ओर रुचि बढ़ाने के लक्ष्य से शुरू की थी यात्रा। रविरंजन ने बताया की मैं विहार से ताल्लुक रखता हूं और मैं पूरे भारत की साइकिल से यात्रा कर रहा हूं। मेरी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को नशा मुक्त बनाना और शहीद भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के नाम का अपने क्षेत्र में एक स्टेडियम बनवाना चाहता हूं। लिटन नमाशुदरा ने बताया कि वे असम राज्य से हैं उन्होंने बताया कि 'पानी बचाओ,पेड़ बचाओ' ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाओ इस उद्देश्य से पूरे भारत की साइकिल से यात्रा कर रहा हूं मेरा उद्देश्य दस लाख पेड़ लगाना है। (अनंत ज्ञान)

# डेरा ब्यास के नए उत्तराधिकारी के दर्शन के लिए उमड़ा सैलाब

**राकेश डोगरा, डरोह**

मंगलवार को राधा स्वामी सत्संग ब्यास के परौर स्थित डेरे में डेरा प्रमुख के नए उत्तराधिकारी हुजूर जसदीप सिंह गिल तथा पूर्व डेरा प्रमुख बाबा गुरिंद्र सिंह ढिल्लों के साथ पहली बार पहुंचे।

दोनों गुरुओं के एक साथ डेरे में पहुंचने से मंगलवार को दिन भर उनके अनुयायियों का आना जाना लगा रहा। उत्तर भारत के जम्मू, हरियाणा तथा पंजाब आदि राज्यों से संगत सूचना मिलते ही सोमवार को ही परौर स्थित डेरे में पहुंच चुकी थी, हालांकि मंगलवार को सत्संग का कोई भी कार्यक्रम नहीं था तथा केवल एक दौरा था। लगभग साढ़े ग्यारह बजे जिला ऊना के गगरेट से अपने निजी हेलीकॉप्टर से हुजूर जसदीप सिंह गिल तथा पूर्व डेरा प्रमुख बाबा गुरिंद्र सिंह ढिल्लों परौर सत्संग घर पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने वहां उपस्थित संगत को दर्शन दिए तथा सत्संग घर के अधीन चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। इसके साथ ही बाबा गुरिंद्र सिंह ढिल्लों ने नए उत्तराधिकारी हुजूर जसदीप सिंह गिल को पूरे परौर सत्संग घर परिसर का दौरा करवाया। इसके बाद साढ़े बारह बजे के करीब दोनों गुरु हवाई मार्ग के माध्यम से वापस डल्हौजी के लिए रवाना हुए।





**पूर्व गुरु महाराज के साथ सत्संग घर के निर्माण कार्यों का लिया जायजा**

उल्लेखनीय है कि हुजूर जसदीप सिंह गिल ने सितंबर 2024 को राधा स्वामी सत्संग व्यास के नए उत्तराधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला था इसके बाद वह मंगलवार पहली दफा परौर सत्संग घर में आए हैं।

विदित है कि हर वर्ष अप्रैल या मई माह में परौर सत्संग घर में सत्संग का आयोजन किया जाता था, परंतु इस वर्ष यहां 21 और 22 जून को सत्संग होने का कार्यक्रम प्रस्तावित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# टांडा अस्पताल में महिला प्रसूति कक्ष के बाहर आना-जाना हुआ मुश्किल

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश के सबसे बड़े दूसरे अस्पताल टांडा मेडिकल कॉलेज में महिला प्रसूति कक्ष के बाहर से आम लोगों के साथ साथ स्टॉफ का आना जाना हुआ मुश्किल।

बताते चले की महिला प्रसूति कक्ष के बाहर उनके साथ आए तिमारदारों ने वहीं पर अपना कब्जा कर रखा है मानो वह अपने घर पर बैठे हों। वहीं इसको लेकर अस्पताल में तनात सुरक्षा कर्मियों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने शुरू हो गए है। तिमारदारों ने वहां पर सोने के साथ-साथ सामान रखने के लिए बाकायदा रेक तक बना रखे है जिन्हे हटाने में सुरक्षा कर्मचारी भी कुछ नहीं कर पाते। जब वहां से किसी को गुजरना होता है तो नौबत लड़ाई तक पहुंच जाती है। अगर समय रहते अस्पताल प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई न की तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती हैं।

इस संदर्भ में जब टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की गई तो उनका कहना है कि मामला आपके माध्यम से ध्यान में आया है इस पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा कर्मचारियों को उक्त स्थान को खाली करवाया जाएगा।(अनंत ज्ञान)



# 6.30 ग्राम चिट्टे सहित युवक काबू

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस जिला देहरा द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालामुखी पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए यहां मुख्य बाजार के समीप एक 32 वर्षीय युवक को 6.30 ग्राम चिट्टे सहित धर दबोचा है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की पहचान जसवंत सिंह निवासी दरंग के रूप में हुई है।

मामले की पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है। जानकारी के अनुसार डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जस्वाल के नेतृत्व में थाना प्रभारी विजय कुमार, एसआई नाजर सिंह सहित पुलिस टीम बीते कई दिनों से उक्त आरोपी पर पैनी नजर बनाए हुए थी। इस दौरान पुलिस उसकी हरेक गतिविधि पर नजर रखे हुए थी।

पुलिस ने मंगलवार को स्थानीय बाजार में ही बड़ी कारवाई करते हुए उसे 6.30 ग्राम चिटटे सहित धर दबोचा। उधर, एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी जिला पुलिस देहरा का नशे के विरुद्ध छेड़ा अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध परिस्थितियों की सूचना तुरंत नजदीकी स्टेशन में दें।

# डिवीजनल इंटर एजेंसी ग्रुप और आपदा प्रबंधन पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

एसडीएम देवी चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर सब डिवीजनल इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बीडीओ कार्यालय में आयोजित बैठक में सब डिवीजनल इंटर एजेंसी ग्रुप और आपदा प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया। एसडीएम ने आपदा प्रबंधन राज संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने की बात कही। एडीएम ने आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करने और इसमें स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने की बात कही। कॉलेज आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (सी आर सी) और स्कूल क्लस्टर की स्थापना पर चर्चा की, इसमें समुदाय आधारित को संगठित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में संस्थागत, पंचायत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं को विकसित करने के लिए दिशा-निर्देश स्थापित करने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र और क्लस्टर की स्थापना पर चर्चा की गई। इसमें समुदाय आधारित स्वयंसेवकों को संगठित करने पर चर्चा की गई। बैठक में संस्थागत, पंचायत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं को विकसित करने के लिए दिशा-निर्देश स्थापित करन पर चर्चा की गई। बैठक में उपमंडल के सभीविभागों अधिकारी उपस्थित रहे।

# हेरोइन तस्करी के दोषी को 10 साल की जेल और 1 लाख जुर्माना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



थाना डमटाल के अंतर्गत नशा तस्करी के एक मामले में अदालत ने आरोपी अर्पण लोधी निवासी मोहटली तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा को दोषी कर देते हुए 10 साल की कठोर कारावास तथा एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। धर्मशाला स्थित पारिवारिक न्यायालय ज्योत्सना डडवा की अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

जानकारी के मुताबिक पारिवारिक न्यायालय ज्योत्शाना डढवाल अदालत द्वारा यह कार्रवाई करते हुए 2020 पुलिस ने आरोपी अर्पण लोधी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके पास से 60 ग्राम हेरोइन तथा एक मोबाइल फोन बिना नंबर की एक स्कूटी बरामद की थी। जिसके तहत थाना डमटाल में यह मामला दर्ज किया गया था तथा जांच में सामने आया के अर्पण लोधी ने हेरोइन हरीश लोधी निवासी डमटाल से ली है। इसके बाद हरीश लोधी के घर की तलाशी भी की गई यहां से पुलिस को 980440 रुपए की नकदी तथा आभूषण आभूषण हुए थे पुलिस ने मौके पर ड्रग डिटेंशन किट्ट से बरामद सामग्री की जांच की जिसमें हेरोइन की पुष्टि की गई।

जांच के दौरान गवाहों की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई तथा सभी प्रमाण जुटाकर माननीय अदालत में पेश किए गए। मामल अदालत में पहुंचने पर मामले की पैरवाही करते हुए अतिरिक्त जिला न्यायवादी के सी जरयाल ने की। इसमें कुल 21 गवाहों ने अपनी गवाही दी तथा आरोपी अर्पण लोधी को माननीय अदालत द्वारा दोषी उठाया गया तथा दोषी को 10 साल की कैद तथा 1,00,000 का जुर्माना बनने की सजा सुनाई गई।(अनंत ज्ञान)

**सूचना** आवश्यक वस्तुओं के परचून विक्रय मूल्य किए निर्धारित

# व्यापारिक परिसरों के बाहर रेट लिस्टें लगाने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला दंडाधिकारी, हेमराज बैरवा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी उन्मूलन के आदेश 1977 के खंड-3 (1)(ई) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कांगड़ा में आवश्यक वस्तुओं के परचून विक्रय मूल्य समस्त करों सहित निर्धारित किए हैं।

जिला कांगड़ा का कोई भी व्यापारी तथा निर्माता निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य उपभोक्ताओं से नहीं ले सकता है। उन्होंने होटलों, ढाबों में परोसा जाने वाला खाना, सब्जियों जिसमें पूरी खुराक दाल सब्जी एवं चावल, चपाती प्रति खुराक 80 रुपए, दाल फ्राई प्रति प्लेट 60 रुपए, मटर-पनीर एवं पालक-पनीर प्रति प्लेट 80,90 रुपए, चिकन करी प्रति प्लेट 80 रुपए, मीट पका हुआ प्रति प्लेट 120 रुपए, तवा चपाती 5 रुपए, चाय 10 रुपए, तंदूरी चपाती 7 रुपए, परांठा भरा हुआ अचार सहित 20 रुपए, दो पूरी भटूरा चने दही सहित प्रति प्लेट 50 रुपए, चावल 50 रुपए प्रति प्लेट, साधारण दाल 40 रुपए प्रति प्लेट तथा स्पेशल सब्जी 70 रुपए प्रति प्लेट निर्धारित किए हैं।

इसी प्रकार मीट बकरा, भेड़ प्रति किलोग्राम 500 रुपए, मुर्गा ब्राईलर, ड्रैस्ड प्रति किलोग्राम 200 रुपए, मीट सूअर प्रति किलोग्राम 250 रुपए, मछली कच्ची 200 रुपए प्रति किलोग्राम तथा मछली तली हुई 280 रुपये प्रति किलोग्राम तथा जिंदा मुर्गा 150 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हलवाईयों द्वारा बेचा जाने वाला कच्चा दूध प्रति लीटर 55 रुपए, उबला हुआ दूध 57 रुपए प्रति लीटर, पैकेट दूध सभी ब्रांड का अंकित मूल्य पर तथा दही प्रति किलोग्राम 80 रुपए।

इसी प्रकार पनीर खुला दूसरे राज्यों से आयातित तथा स्थानीय पनीर प्रति किलोग्राम 300 रुपए बेचा जाएगा। इसके अलावा समोसा 12 रुपए, चैमिन वेज 60 रूपये प्रति प्लेट तथा 35 रूपये आधी प्लेट, चैमिन नॉन वेज 70 रुपए प्रति प्लेट तथा 40 रुपए आधी प्लेट, थुपका वेज 60 रुपए प्रति प्लेट तथा 40 रूपये आधी प्लेट, थुपका नॉन वेज 70 रुपए प्रति प्लेट तथा 50 रुपए आधी प्लेट, मोमो वेज 70 रुपए प्रति प्लेट तथा 40 रुपए आधी प्लेट, मोमो नॉन वेज 100 रुपए प्रति प्लेट तथा 55 रुपए आधी प्लेट बेचा जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि सभी परचून दुकानदारों, होटल, ढाबा मालिक एवं मीट तथा मछली विक्रेताओं से अपने-अपने व्यापारिक परिसरों के बाहर ग्राहक की जानकारी हेतु रेट लिस्टें जोकि हिन्दी भाषा में स्पष्ट रूप से लिखी हों तथा दुकानदार द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षरित हों, को लगाने के निर्देश दिए हैं।






## न्यूज ब्रीफ

### प्रतियोगी परीक्षाओं में लाइब्रेरी किताबें अहम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर स्कूल में आयोजित लाइब्रेरी किताबों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत सचूई के प्रधान संजीव ठाकुर सायंमड ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों को बताया की विद्यार्थी जीवन में किताबों की भूमिका बहुत अहम रहती है। सायमंड ने कहा कि बच्चों को अपनी संबंधित किताबों के साथ-साथ लाइब्रेरी की किताबों व अखबारों का अध्ययन भी करना चाहिए। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने में मदद मिलती है। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य अरुणा ने बताया कि कक्षा छठी से दसवीं तक के बच्चों ने प्रदर्शनी में लगी लायब्रेरी किताबों का अध्ययन किया। प्रधान ने सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से लायब्रेरी के लिए उपयुक्त हाल उपलब्ध कराने की मांग भी की।बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप प्रधान मानक सिंह राणा, प्रवक्ता कृष्ण पखरेटिया, अध्यापकों में पूनम रानी, करनैल सिंह, अनामिका शर्मा, अनामिका ठाकुर, जगपाल चौहान, अशोक कुमार, विजय कुमार, शंकर पॉल, ओम प्रकाश, ओमेंद्र, राकेश कुमार, नीलम ठाकुर, इत्यादि उपस्थित रहे।

### टूटे पैरापिट दे रहे हादसों को न्योता

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** खैरी चौहडा मार्ग जो एनएचपीसी के अंतर्गत आता है, जिसकी कुल लंबाई 15 किमी है। इस रास्ते पर जगह-जगह जो पैरापिट लगे हैं उनमे से लगभग पैरापिट की हालत खस्ता बनी हुई है। लाल पुल के पास पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। एनएसपीसी के कर्मचारी भी वहां हादसे का शिकार हो चुके हैं। ढघई नाले के पास भी कुछ साल पहले एक बस दुर्घटना हुई थी जिसमे कई जाने गई थीं। इसके बाद भी एनएचपीसी द्वारा कोई पुख्ता समाधान नहीं किए गए हैं। जो पैरापिट वहां लगे है उन्हें भी पूर्ण रूप से नहीं बनाया गया है।

### भट्टी नाला पुल निर्माण के लिए 48 करोड़ स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत राष्ट्रीय उच्च मार्ग चक्की-चंबा-



भरमौर ( एनएच 154ए) के अंतर्गत भट्टी नाला पर बहुप्रतीक्षित पुल के निर्माण के लिए सरकार ने 48 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृत करवाने में सदर विधायक नीरज नैय्यर की अहम भूमिका रही है। सीएम सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नीरज नैय्यर ने इस उपलब्धि पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 180 मीटर की लंबाई वाला यह स्पेन पुल क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा तथा यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### लाल पुल की अधिसूचना जारी, लोग चहके

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह में व्यास नदी पर फिर से बनेगा लाल पुल बनने वाले इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जिसमें बड़ी धनराशि स्वीकृत की गई है। पुल डबल लाइन पुल का निर्माण होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्लोबल टेंडर के माध्यम से किया जाएगा। इस खबर से समूचे पंडोह क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस पुल से विशेषकर बदार घाटी के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि यह पुल सदर, द्रंग, सिराज और नाचन विधानसभा के हजारों लोगों को लाभ होगा। इस पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि लाल पुल वर्ष 2023 को बाढ़ की भेंट चढ़ गया था, जिससे बदार घाटी पूरी तरह से कट हो चुकी थी। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह के प्रयासों का परिणाम है। आज की अधिसूचना जारी हो सकी है। इन्होंने ही अपनी आधिकारिक फेसबुक में इस अधिसूचना को प्रचारित किया है। लोगों ने विक्रमादित्य सिंह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पीएम जीएसवाई में इस पुल की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा धनराशि की व्यवस्था की गई है। 23 करोड़ 64 लाख से आधुनिक डबल लेन पुल निर्मित होगा। इस पुल स्वीकृति में द्रंग के नेता पूर्व में रहे वरिष्ठ मंत्री कौल सिंह ने भी अहम रोल अदा किया है। उनके प्रयासों की भी सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुल केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय की यादगार के रूप में पहचाना जाएगा।

# पर्यावरण संतुलन के लिए जल, जंगल व जमीन अहम

## पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं ग्रामीण वन प्रबंधन समितियां : कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**वन** मंडल डलहौजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत घटासनी स्थित वन विश्राम गृह ममूल परिसर में वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रामीण वन प्रबंधन समितियों तथा वन अग्निशमन में उत्कृष्ट भागीदारी निभाने वाले नागरिकों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वन मंडल डलहौजी द्वारा आयोजित इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में क्षेत्र की विभिन्न ग्रामीण वन प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के अलावा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण सबसे अहम है तथा इस दिशा में वन मंडल डलहौजी के अंतर्गत कार्य कर रही ग्रामीण वन प्रबंधन समितियां महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में समुदायों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में पेश किए गए बजट में वर्ष 2025-26 के लिए राजीव गांधी वन संवर्धन योजना आरंभ की है। इस योजना के तहत 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे निकट भविष्य में स्वयं सहायता समूहों ,महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा ग्रामीण वन प्रबंधन समिति को न केवल स्वरोजगार के अवसर हासिल होंगे बल्कि इससे प्रदेश में जल जंगल और जमीन के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि वे वन भूमि पर आग न लगाएं तथा ऐसा करने वालों के बारे तुरंत वन विभाग को सूचित करें। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयं सहायता समूह मेल द्वारा वन्य उत्पादों के इस्तेमाल से बनाए गए उत्कृष्ट उत्पादों की सराहना की तथा अपनी ओर से मेल स्वयं सहायता समूह को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।




### इन समितियों को किया सम्मानित

**समारोह** में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रामीण वन प्रबंधन समिति छब्ड़, कड्ई व तारागड़ को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ग्रामीण वन प्रबंधन समिति छब्ड़, कैल व धुनेरा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वित्त वर्ष 2030-24 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रामीण वन प्रबंधन समिति मेल, शेषनाग मोड तथा धुनेरा को प्रथम, द्वितीय वृत्तीय पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाली वन प्रबंधन समितियों को 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार हासिल करने वाली वन प्रबंधन समितियों को 30 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली समितियों को 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## ककीरा जरई पंचायत में 10 लाख से बनी लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने मंगलवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककीरा जरई में 10 लाख रुपए की लागत से बनी एक आधुनिक लाइब्रेरी का विधिवत लोकार्पण किया। इस लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के अलावा समाचार पत्र, मैगजीन, इंटरनेट की सुविधायुक्त दो डेस्कटॉप कंप्यूटर तथा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन का सुधार के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है तथा इसके लिए अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय गांव वासियों विशेष कर युवा पीढ़ी से आग्रह किया ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर ककीरा जरई में खोली गई लाइब्रेरी का सदुपयोग करें तथा इसका लाभ उठाते हुए अपने जीवन में शिक्षा से संबंधित लक्ष्यों को हासिल करें। उन्होंने कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन के कारण आज हिमाचल प्रदेश का युवा भी इससे अछूता नहीं है इसलिए युवा पीढ़ी को बेहतर विकल्प प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के अलावा खेल गतिविधियों तथा पुस्तकालय निर्माण को प्राथमिकता दे रही है।

## राजपूत समाज का सपा सांसद के विवादित बयान पर आक्रोश, 12 को निकालेंगे रैली

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजपूत** समाज ने हाल ही में सपा राज्यसभा सांसद राम लाल द्वारा वीर योद्धा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान पर कड़ा विरोध जताया है। इस संदर्भ में राजपूत कल्याण सभा चंबा की एक आपातकालीन बैठक चंबा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान नरेंद्र संबियाल ने की। बैठक में राजपूत समाज की भावनाओं को आहत करने वाले बयान की कड़ी निंदा की गई और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की रणनीति तय की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राणा सांगा भारतीय इतिहास के सबसे वीर योद्धाओं में से एक थे, जिन्होंने मुगलों से युद्ध करते हुए अपने शरीर पर अस्सी घाव सहे और एक हाथ तक गवां दिया। ऐसे महान योद्धा के प्रति अपमानजनक टिप्पणी को राजपूत समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राणा सांगा की जयंती, 12 अप्रैल को चंबा में एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें सभी राजपूतों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया। इसके अलावा, उपायुक्त चंबा के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें सपा सांसद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई जाएगी।



### जल्द होगा युवा राजपूत कार्यकारिणी का गठन

**सभा** के संरक्षक भूपिंदर जसरोटिया ने सभी युवा राजपूतों को 12 अप्रैल को चंबा पहुंचने का आह्वान किया और बताया कि सभा जल्द ही एक युवा कार्यकारिणी का गठन करेगी, जिससे समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। इसके अलावा, वरिष्ठ सदस्य पृथी सिंह राणा ने घोषणा की कि जल्द ही चंबा में महाराणा प्रताप भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे राजपूत समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक स्थापित होगा।

## सड़क निर्माण से हुए नुकसान की करें भरपाई : ललित

### एपीएमसी के चेयरमैन ने कुगती में सुनीं समस्याएं, शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

**आरके सहगल, चंबा**

**जनसेवा** को सर्वोपरि रखते हुए एपीएमसी के चेयरमैन ललित ठाकुर ने अपने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुगती के गांव कुगती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्य के चलते कुछ लोगों के घरों को नुकसान हुआ है। इस गंभीर विषय पर ललित ठाकुर ने तत्काल लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित परिवारों के नुकसान की शीघ्र भरपाई की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता की परेशानियों का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए उचित मुआवजा एवं राहत कार्य शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं। कुगती की जनता द्वारा नए बस स्टैंड की मांग को प्राथमिकता देते हुए, ललित ठाकुर ने स्थानीय लोगों द्वारा सुझाई गई भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस भूमि का एस्टीमेट तैयार कर अगली प्रक्रिया को तेज किया जाए। (अनंत ज्ञान)



### जनसेवा में अग्रणी

**एपीएमसी** चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर की यह पहल उनकी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और जनता के हितों के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाती है। उनकी दूरदर्शिता और सक्रिय नेतृत्व ने कुगती क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा दी है, जिससे स्थानीय निवासियों को शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

### सरकार जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर

**ललित** ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में पूरी तरह से जनता की सेवा के लिए समर्पित है। हर समस्या का समाधान तेजी से और प्रभावी ढंग से किया जाएगा ताकि प्रदेश में जनकल्याण और विकास की गति निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके।

## पधर में बेरहमी से मारकर सड़क पर फेंका युवक

**कविता, पधर**

उपमंडल मुख्यालय पधर के घोघरधार चौक के साथ लगते एक चिकन कार्नर के पास एक युवक की निर्मम पिटाई का मामला सामने आया है। जहां कुछ युवकों ने युवक को डंडों और ईंट पत्थर के साथ बेरहमी से पीटने बाद अधमरा करके सड़क किनारे फेंक दिया। समीप की कुछ महिलाओं ने इसकी सूचना पीड़ित युवक के स्वजनों को दी। जिस पर उन्होंने युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से युवक की नाजुक हालत को देखते हुए जोनल अस्पताल मंडी रेफर किया। जहां पीड़ित का उपचार चल रहा है। जख्मी युवक की नाक की हड्डी फ्रेक्चर हुई है। जबकि शरीर में जगह जगह पर घाव हैं। पुलिस ने घटना का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवक का मेडिकल करवाया जा रहा है। पीड़ित प्रवीण कुमार (40) समीप के रुहाणा गांव का रहने वाला है। जो चिकन कार्नर संचालक की दुकान में बैठा हुआ था। किसी बात को लेकर चिकन कॉर्नर संचालक के साथ उसकी कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि चिकन कार्नर संचालक और एक अन्य युवक ने प्रवीण कुमार पर डंडे और ईंट से हमला कर दिया। युवक को बेरहमी से पीटने बाद अधमरा कर दुकान से बाहर फेंक दिया।

वहीं, मंगलवार प्रातः पीड़ित युवक के स्वजन और अन्य ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में पुलिस थाना पहुंचे। जहां थाने का घेराव कर क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार और अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की मांग को लेकर गुस्साई भीड़ ने जमकर नारेबाजी की। (अनंत ज्ञान)



- युवक की नाजुक हालत जोनल अस्पताल मंडी में चल रहा इलाज
- परिजनों व ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

## नवरात्र के चौथे दिन मां शीतला मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**'मां** शीतला करती हैं दुखों का हरण' इसी आस्था और श्रद्धा के साथ अनंत ज्ञान टीम ने नवरात्र के चौथे दिन चंबा जिले के प्रसिद्ध मां शीतला मंदिर में विशेष भेंट की। यह पावन धाम भक्तों की अटूट श्रद्धा, आध्यात्मिक शांति और चमत्कारी शक्तियों के लिए प्रसिद्ध है। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां हर कोई मां के दरबार में हाजिरी लगाने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आतुर था।

मां शीतला को आरोग्य की देवी और कष्टों का निवारण करने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और सभी कष्टों का अंत होता है। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि मां की कृपा से कई असाध्य रोग दूर हो जाते हैं और उनके दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। मंदिर प्रशासन और श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि के दौरान विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विशेष हवन-पूजन, कन्या पूजन, भजन संध्या और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भक्तों के लिए आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर देश के विभिन्न कोनों से भक्तगण यहां दर्शन करने आते हैं और मां शीतला के चरणों में अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

### श्रद्धालुओं की अटूट आस्था

**मंदिर** में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि मां शीतला का यह पावन धाम न केवल आध्यात्मिक रूप से बल देता है, बल्कि यह स्थान मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी अद्भुत केंद्र है। भक्तों की मान्यता है कि जो कोई सच्चे हृदय से मां के दरबार में आता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### शीतला मंदिर में गूंजा हनुमान चालीसा

**राष्ट्रीय** सनातन धर्म मंच जिला चंबा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज शीतला मंदिर में भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, माता रानी के दर्शन, भजन-कीर्तन एवं सनातन धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस आयोजन में मंच के जिलाध्यक्ष राकेश बिज, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा नीलम जसवाल, जिला मंत्री ओम प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमन जी, जिला सलाहकार राहुल सहगल, उपाध्यक्ष उमां नारंग, जिला उपाध्यक्ष अशोक नैगी, उपाध्यक्ष चीनू देवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशराज, उपाध्यक्ष बिंदु भनोट, सोशल मीडिया संयोजक सोहन सिंह, सहसंयोजक प्रकाश चंद, सदस्य नीलम भाटिया, सचिव कुलदीप शर्मा, सदस्य अंजना, चंचल राणा, शुभम धीमान सहित कई मौजूद रहे।

**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग कार्यालय एवं न्यायालय ग्राम पंचायत ममाण-बनान्दर विकास खंड चौन्तड़ा तह. लडभड़ोल जिला मण्डी हि.प्र.**

**प्रस्ताव संख्या 4:**- वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निविदाएं लेने बारे:- पंचायत की मासिक बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि ग्राम पंचायत ममाण-बनान्दर वित्त वर्ष 2025-26 बारे विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु निम्न सामग्री की निविदाएं आमंत्रित करती है।

**सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:**- रेत/बजरी प्रति घन मीटर, 10, 20, 40, 60, 85 एमएम, बोल्डर प्रति स्केयर फुट, कट स्टोन प्रति नंबर, शटरिंग प्रति स्केयर फुट, जेसीबी प्रति घंटा, दरवाजे/खिड़की/बोर्ड/टाईल।

**नियम व शर्तें:**- सप्लायर के पास जीएसटी नंबर एवं एम फार्म होना जरूरी है। जिस गाड़ी में आपूर्ति की जाएगी। उसकी आरसी की कॉपी साथ लाए, सप्लायर को सामग्री कम होने पर और सामग्री समय पर न देने पर निविदा ग्राम पंचायत रद्द कर सकती है। आवेदक दिनांक 05.04.2025 तक पंचायत कार्यालय ममाण बनान्दर मे स्वयं या डाक के माध्यम से शाम 3 बजे तक उपरोक्त सामग्री की सप्लाई हेतु आवेदन कर सकते हैं। निविदाएं पंचायत बैठक में दिनांक 07.04.2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत मे 11 बजे खोली जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे खोली जाएगी। जिसकी निविदा पास होगी। उसे 50000/- रुपए की अग्रिम राशी एफडी के रूप में ग्राम पंचायत ममाण बनान्दर के नाम जमा करवानी होगी तथा 1000/-( अप्रतिदेय ) पंचायत में जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत ममाण-बनान्दर

## मंडी की कनिका ने एक बार फिर किया प्रदेश व देश का नाम रोशन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** की डॉ. कनिका ने एक बार फिर से अपने मंडी शहर, हिमाचल प्रदेश व भारतवर्ष का नाम दुनिया में रोशन किया है। डॉ. कनिका कौशल जो मंडी शहर की रहने वाली है वर्तमान में दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एवं बलीयरी साइंस में एसोसिएट प्रोफेसर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं उसने चीन के बीजिंग शहर में 29 व 30 मार्च को हुई एशिया पेसिफिक एसोसिएशन फार दी स्टडी आफ लीवर 2025 में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उसके इस शोध पत्र को प्रेसिडेंशियल अवार्ड के लिए चुना गया। इसके लिए उसे कड़े मुकाबले एशिया पेसिफिक रीजन के डाक्टरों के साथ इस अवार्ड के लिए चुना गया। इस अवार्ड में उन्हें एक प्रशस्ति पत्र व 5 हजार युआन की इनामी राशि भी दी गई। यही नहीं कनिका के इस शोध पत्र के चलते दिल्ली के आईएलबीएस संस्थान को एशिया में सर्वश्रेष्ठ संस्थान भी चुना गया।

गौरतलब है कि सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता राज्य बिजली बोर्ड नवीन कौशल व बैंकर सुनीता शर्मा की इस बेटी डॉ. कनिका को इससे पहले अमेरिका में दो बार, फ्रांस के पेरिस व इटली और अन्य देशों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करके अपनी धाक जमा चुकी है। डॉ. कनिका के अब तक इस तरह के 69 शोध पत्र देश विदेश के जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। उसने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई टांडा मेडिकल कालेज से की, जबकि एमडी आईजीएमसी शिमला से की है। वह मंडी शहर के मोती बाजार की रहने वाली है। उसकी छोटी बहन डॉ. मल्लिका भी एमडी अनेस्थेसिया है व वर्तमान में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कार्यरत है।

- चीन के बीजिंग में प्रस्तुत किया अपना शोध पत्र

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं लक्ष्मी देवी** धर्मपत्नी श्री रवि प्रकाश निवासी कलेहर, खरुहल, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरा नाम लक्ष्मी देवी (Lakshmi Devi) से बदलकर लक्ष्मी देवी (Laxmi Devi) रख दिया है। सम्बन्धित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, शेर सिंह** (62) पुत्र श्री आत्मा राम, बार्ड नंबर-1 गांव व डाकघर नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का अरू अपनी मर्जी से काम करता है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं अपने बेटे अरू को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद उसके साथ जो कोई भी लेन-देन करता है, वे स्वयं उसका जिम्मेदार होगा। संबंधित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, बालो देवी** (60 वर्ष) पत्नी श्री सतीश कुमार जैन क्वाटर नं. एस एल 2/376 सलापड़ कालौनी सुंदरनगर, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हि.प्र. ब्यान करती हूं कि मेरा बेटा सुमित कुमार जैन व उसकी पत्नी वंदना देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अत: आज के बाद मैं अपने बेटे सुमित कुमार जैन व उसकी पत्नी वंदना देवी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके साथ लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परवाड़ा**
**विकास खंड गोहर , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण जनता, दुकानदारों, बिल्डरों, भू मालिकों फर्मों, ड्राईवरों, व गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परवाड़ा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा, सामान्य, 15वां. बित्त व अन्य निर्माण कार्य के लिए निम्नलिखित सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित करती हैं।

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 3 | पत्थर (कट स्टोन) | प्रति घन मीटर |
| 4 | बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 5 | लकड़ी/ टिम्बर | प्रति रनिंग फुट |
| 6 | ईंट | प्रति ईंट |
| 7 | जेसीबी मशीन | प्रति घंटा |
| 8 | टाइल | प्रति बॉक्स |
| 9 | शीशा | प्रति वर्ग फुट |
| 10 | सरिया | प्रति किलो ग्राम |
| 11 | शटरिंग | प्रति वर्ग फुट |
| 12 | कोटा स्टोन | प्रति वर्ग फुट |
| 13 | सीमेंट ढुलान सिविल-सप्लाई थुनाग से परवाड़ा (लोडिंग व अन लोडिंग) | प्रति वैग |
| 14 | सूचना पट्ट | प्रति बोर्ड |
| 15 | जीआई पाईप | प्रति पाईप/किलो |
| 16 | जीआई शीट | प्रति पाईप /किलो |
| 17 | फर्नीचर | प्रति न./ प्रति वर्ग |
| 18 | मिक्चर | प्रति दिन |
| 19 | पत्थर ढुलवान टिपर द्वारा | प्रति टिपर |
| 20 | पाईप आरसीसी | प्रति पाईप |

निविदाएँ दिनांक 8/4/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत परवाड़ा में अधोहस्ताक्षरी के पास पहुँच जानी चाहिए निविदाएं दिनांक 9/4/2025 को ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी और न्यूनतम मूल्य कि निविदाएं स्वीकृत कि जायेंगी। सामग्री कि गुणवता सही होनी चाहिए।

**शर्तें:-** (1) आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी होना अनिवार्य है। (2) रेत / बजरी व पत्थर के लिए एम फॉर्म का होना आवश्यक होगा। एम फार्म न होने पर बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। (3) निविदाएं पंजीकृत डाक के माध्यम से सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। (4) पंचायत बिना कारण बताये निविदाएँ रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। (5) आपूर्तिकर्ता को मु0 =20000/-रु0 की धरोहर /सुरक्षित राशी पंचायत में जमा करनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत परवाड़ा विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

### सूडोकू नवताल- 7388 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7387 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 अप्रैल, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** पंचमी (11:52): **नक्षत्र** कृत्तिका (08:50), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : आयुषमान (02:29) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित कोई नहीं, **राहुकाल** (12:25-01:58)।

### विशेष दिन

- 02 अप्रैल 2025: श्री पंचमी आज।
- 02 अप्रैल 2025: लक्ष्मी पंचमी आज।

**मेष:** आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

**वृषभ:** आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा व हानि होगी।

**कर्क:** यदि आपकी उन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी, इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाकपटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

**सिंह:** यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा।

**कन्या:** आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शान-शौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई दिल से करते रहे हैं।

**तुला:** आज काफी सोच विचार कर काम करने के उपरांत भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात कोई राजकीय दंड भी प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा व पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं।

**मकर:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन लाभ भी हो सकता है।

**मीन:** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

जो एक अच्छा सेवक नहीं है, वो एक अच्छा मालिक नहीं बन सकता। –अरस्तु

## संपादकीय

# वक्फ बिल पर सियासत

लोकसभा में आज पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल को लेकर सियासत एक बार फिर तेज हो गई है। वक्फ हमेशा से एक संवेदनशील और विवादास्पद मुद्दा रहा है। वक्फ, एक इस्लामी संस्था है जो धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक उद्देश्यों के लिए संपत्ति और भूमि का प्रबंधन करती है। इन संपत्तियों को आम तौर पर मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन जबसे वक्फ बोर्ड और उनकी संपत्तियों का प्रबंधन सरकार के हाथों में आया, तब से इस मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है। वक्फ बिल का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है, लेकिन इसका राजनीतिक संदर्भ और उसके इर्द-गिर्द होने वाली सियासत कई बार समाज में असहमति और विवाद पैदा करती है।

आखिर वक्फ बिल पर सियासत क्यों हो रही है? दरअसल, यह बिल वक्फ संपत्तियों के बेहतर नियमन के लिए सरकार को और अधिक अधिकार देता है, साथ ही इसमें वक्फ संपत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र करने और उनका सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान किए गए हैं। कई नेता और दल इसे मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हस्तक्षेप करने के रूप में देख रहे हैं, जबकि कुछ इसे वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के प्रयास के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। इन्हीं दो पहलुओं की वजह से इस विषय पर सियासत ने एक नई दिशा ले ली है। भारत में धार्मिक मुद्दे हमेशा से सियासत का एक अहम हिस्सा रहे हैं। वक्फ बिल सीधे तौर पर मुस्लिम समुदाय से जुड़ा हुआ है।

यह बिल इस्लामी परंपराओं और धार्मिक मामलों से संबंधित होने के कारण कई बार सांप्रदायिक तनाव का कारण बन सकता है। राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने-अपने तरीके से उठा रहे हैं और यह भी देखा जा रहा है कि इससे पार्टी को कैसे लाभ हो सकता है। वक्फ संपत्तियों का प्रशासन हमेशा विवादों के घेरे में रहा है। इन संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण वक्फ बोर्ड पर कई बार सवाल उठाए गए हैं। इस स्थिति का फायदा कई राजनीतिक दल उठाते हैं, जिनका मानना है कि इस मुद्दे को उठाकर वे मुस्लिम समुदाय के बीच अपनी स्थिति मजबूत कर सकते हैं, जबकि दूसरे दल इसे सरकार की ताकत बढ़ाने के रूप में देखते हैं, जिससे समुदाय की स्वायत्तता पर असर पड़ सकता है। वक्फ बिल के जरिए कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस तरह के बिलों को पेश करने से कुछ दल यह संदेश देते हैं कि वे मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए खड़े हैं, जबकि अन्य दल इसे सत्ता की केंद्रितता के रूप में देखते हैं। मुस्लिम नेताओं और वक्फ बोर्ड के सदस्य भी इस बिल को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि यह मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप कर सकता है। वक्फ बिल का एक और पहलू सरकारी हस्तक्षेप है।

सरकार का यह कदम वक्फ बोर्ड के कामकाज में बढ़ती नकेल और नियंत्रण को प्रदर्शित करता है। कई मुस्लिम नेताओं का यह मानना है कि सरकारी हस्तक्षेप से धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप की संभावना बढ़ सकती है, जो कि उनके समुदाय की स्वायत्तता को चुनौती दे सकता है। इस मुद्दे को लेकर भी राजनीति होती है, क्योंकि कुछ दल इसे धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के रूप में पेश करते हैं, जबकि अन्य इसे सरकार के अधिकारों में अनावश्यक वृद्धि के रूप में देखते हैं। भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष है और इसमें सभी धर्मों को समान अधिकार देने की बात की गई है। वक्फ बिल पर सियासत इस कारण भी होती है कि इसमें संविधानिक दृष्टिकोण को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकता है। अगर यह बिल मुस्लिम समुदाय के धार्मिक मामलों में सरकार के हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत से टकरा सकता है। कांग्रेस पार्टी ने इसे मुस्लिम समुदाय के हितों के पक्ष में तो कभी इसे केंद्र सरकार की ओर से मुस्लिम मामलों में अत्यधिक हस्तक्षेप करने के रूप में पेश किया।

कांग्रेस का मानना है कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार की जरूरत है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि सरकारी हस्तक्षेप से बचा जाए। भाजपा ने वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के पक्ष में अपनी आवाज उठाई है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह पार्टी वक्फ बिल का इस्तेमाल मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है। वहीं, मुस्लिम नेताओं और दलों ने वक्फ बिल को लेकर विरोध जताया है, क्योंकि उनका मानना है कि इस बिल के जरिए सरकार मुस्लिम समुदाय के धार्मिक मामलों में बढ़-चढ़कर हस्तक्षेप करेगी। उन्हें डर है कि इस तरह का कदम उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि वक्फ बिल के खिलाफ निकलने वाला गुबार समय रहते शांत हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो देश सांप्रदायिक हिंसा से झुलस सकता है। सरकार को इस मसले को शांतिपूर्वक तरीके से निपटाने की कोशिश करनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### बॉलीवुड फिल्मों के अभिनेता, निर्देशक और निर्माता

**अजय** देवगन भारतीय बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं। अजय देवगन को बेहतरीन अभिनय करने के लिए अपने करियर में दो बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें 'फिल्मफेयर अवॉर्ड्स', 'नेशनल फिल्म अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर' और इसके अतिरिक्त भारत सरकार की तरफ से साल 2016 में 'पद्मश्री' से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी एक और खास बात यह है कि जब उनकी फिल्म रिलीज होती है तो ही शो में आते हैं, अन्यथा ग्लैमर की दुनिया से दूर बस अपने काम में मशगूल रहते हैं। अजय देवगन का जन्म दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। उनके पिता वीरू देवगन हिंदी फिल्मों के स्टंटमैन और एक्शन फिल्म डायरेक्टर भी थे। अजय की मां वीणा देवगन ने कुछ फिल्मों का निर्माण किया था। अजय देवगन ने हिंदी सिनेमा की ही सुप्रसिद्ध अभिनेत्री काजोल से विवाह किया। काजोल अपने समय की प्रसिद्ध अभिनेत्री तनूजा की पुत्री हैं। पहली बार अजय और काजोल की जोड़ी 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'हलचल' में नजर आई थी। 1995 में अजय देवगन और काजोल फिल्म 'गुंडाराज' के बाद से आपसी रिश्ते में दिखाई दिए। 24 फरवरी, 1999 को वे दोनों पारंपरिक महाराष्ट्रियन रीति-रिवाजों से अजय देवगन के ही घर में विवाह बंधन में बंध गए। अजय देवगन एक पुत्री तथा एक पुत्र के पिता हैं। पुत्री का नाम 'न्यासा' और पुत्र का नाम 'युग' है। ■



अजय देवगन
जन्म : 2 अप्रैल, 1969



गजल

## नया ड्रामा आया लोको

डॉ. जय अनजान प्रोफेसर महाविद्यालय बिलासपुर (हि. प्र.)

*नया ड्रामा आया लोको,*
*घिब्ली तिस्जो ग्लाया लोको,*
*बणी ठणई ने फोटो बनांदे,*
*फेरी तिस्जो फेसबुका पर चिपकयायदे लोको।*
*शौक चढ़्या इतना ज्यादा,*
*बच्चे बूढ़े जनाना मर्द,*
*इक इक घंटा घिब्ली खातर,*
*हूण इंटरनेटा पर बतायदे लोको।*
*नेते बी हूण पीछे नी रहयो इस्ते,*
*इकी दूजे जो घिब्ली स्टाइले,*
*इंस्टाग्राम बी भरीता सारा,*
*फेसबुका पर बारी-बारी टैग करी करदे लोको।*
*सोची समझी ने तुहें करयों घिब्ली इस्तेमाल,*
*किती इसरे चक्करा च अपनी जानकारी,*
*दहां तुहें लीक करौंदे लोको,*
*घिब्ली घिब्ली फेरी ग्लांदे लोको।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# हिमाचल की आर्थिकी में बाजारीकरण व्यवस्था व योगदान



लेखिका : रीना भारद्वाज
जांगला (रोहडू)



हिमाचल प्रदेश अपनी आत्मनिर्भरता से दूर केंद्र की ओर देखता हुआ नजर आता है। आखिर क्यों? क्या आज यह चिंतन का विषय नहीं होना चाहिए। हिमाचल के हित क्या सिर्फ केंद्र के ऊपर निर्भर होने चाहिए, ।क्या कर्ज पर प्रदेश जीवित रह सकता है या आत्मनिर्भरता अनिवार्य है? आखिर आत्मनिर्भरता कैसे हो, क्या इसके लिए सत्यता को परखने के लिए पारखी नजर की आवश्यकता नहीं है। आखिर हिमाचल कुदरती तौर पर भी सनातन की नजर में उच्च संसाधन संपन्न रहा है।

फिर आज यह निम्न से निम्नतर स्थिति की ओर क्यों जा रहा है। यह आत्मनिर्भरता प्राप्त करे, यह सिर्फ सरकार का चिंतन का विषय हो, ऐसा कहना संवेदनशील नहीं हो सकता। यह चिंतन का विषय हो सकता है कि सालों से विभिन्न सरकार ने क्या पहल की, पर हमारा फोकस जिस विषय की ओर समय की मांग है वह है वर्तमान में कहां हमारी खुशहाली है और पैसा कहां घूम रहा है। क्या कुछ लोगों की झोली में दौलत की पकड़ है या यूं कहें कि मध्यमवर्गीय व निम्न वर्गीय में बहुत कमतर स्तर में व्यक्ति खड़ा है।

यदि समाज में हर व्यक्ति खुशहाल होगा तो सरकार भी आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकती है। हिमाचल में हिमाचलवासी की पकड़ किस क्षेत्र में है। क्या कृषि उद्योग चरम पर है या बागवानी में सर्वोत्तम है या टूरिज्म में हिमाचलवासी उत्थान पर हैं या व्यापार के किसी अन्य आयाम को पा गए हैं या फिर बाजार में हिमाचलवासी की पकड़ है आखिर साधन संपन्न क्यों यहां कुछ ही लोग हैं। या सरकार ही रोजगार के जरिए यहां लोगों में आजीविका व खुशहाली लाने का प्रयास करती है। निसंदेह यदि नजर दौड़ाई जाए, तो सत्य यही प्रतीत होता है कि यहां सिर्फ सरकारी रोजगार पर ही जीवन ज्यादातर निर्भर है और सरकार की केंद्र से मिले बजट पर निर्भरता मजबूरी का दामन पकड़ती नजर आ रही है। आखिर हम कब तक केंद्र के सहारे जीवन जीएं। आत्मनिर्भरता खुशहाली के लिए परम आवश्यक है, पर आत्मनिर्भरता कैसे प्राप्त हो, चिंतनीय विषय है।

सत्यम सर्वोत्तम, यह जन जन को अपनाना होगा। सत् यही है कि टूरिज्म में कितने हिमाचलवासी ने प्रवेश पाया है। पाएंगे भी कैसे, इसमें स्थापित होने के लिए पहले लाखों का बजट चाहिए फिर बाहरी प्रदेश वासियों का इसमें प्रवेश होगा ही, फाइव स्टार, थ्री स्टार व टू स्टार तो छोड़ो यहां तो होम स्टे में प्रवेश आमजन के लिए मुश्किल है। कृषि उद्योग भी यहां कितना बड़ा है, सब जानते हैं। बागवानी में भी बिचौलिए और आड़ती करोड़ों कमाता है। स्थानीय जन में कितने प्रतिशत लोग इसमें कामयाबी पाकर लोगों को रोजगार देने में समर्थ हैं, निसंदेह नगण्य।

अब देखें तो आम आदमी जो बेरोजगारी से जूझ रहा है वह बाजार की ओर ताकता है और बाजार में सबसे बड़ी कमाई घूमती जरूर है, लेकिन उसमें भी कितने हिमाचलवासी की पकड़ है। खाद्य उद्योग, दवाई बनाने का उद्योग, कपड़ा उद्योग में कितने हिमाचलवासी की पकड़ है, शायद नगण्य। तो फिर हिमाचल में खुशहाली इतने वर्षों में कहां घुम हुई। जब मनन करोगे तो समझ आ जाएगा। यदि प्रदेश को उत्थान पर लाना है तो सरकारी नौकरी के अनुपात में व्यक्तिगत उद्योग में हिमाचल के लोगों का प्रवेश ऐसा हो कि वह अन्य को रोजगार देने में समर्थ हों व विन विन की जो स्थानीय मानसिकता है उसे बल मिलकर सबके विकास में सबका सहयोग हो। अन्यथा बाहरी राज्यों के उद्योगपतियों का प्रवेश तभी सार्थक होता यदि वह विन विन भावना के साथ साथ गुणात्मक उत्पाद लाने में समर्थ हो। अभी पीछे समाचारों की सुर्खियां रहा कि हिमाचल में बनाई जाने वाली दवाइयां कितनी सार्थक है, ऐसे में क्या हिमाचलियों को स्वास्थ्य व खुशहाली मिलेगी। आम बेरोजगार जिसके पास कुछ भी नहीं, वह कम लागत वाले दुकानदार या दुकानों में सप्लाई में प्रवेश करता है जिसमें वह छोटी छोटी उधारी पर कार्य शुरू कर खुशहाली का सपना देखता है, लेकिन जब प्रवेश करता है तो उसे एक दो साल में पता चलता है कि ब्रांड के लिए मोटी रकम की आवश्यकता है वह तो उन उद्योगपतियों का नौकर बनकर रह, गया जो नया गुणवत्ताहीन ब्रांड लाकर हमें बाजार में महंगे मूल्य में बेचने के लिए उधारी के नाम पर उपलब्ध करवा रहा है।

उधारी के कारण अन्य विकल्प की अनुपस्थिति में महंगे दामों पर ग्राहक खोजने में लगा रहता है और हमेशा के लिए बेचने वाला नौकर बना गया जो उधारी के लालच में दो वक्त की रोटी बनाने की बजाए उद्योगपतियों का कमाई का स्रोत बन गया।

यह उद्योगपति भी अपनी गुणवत्ताहीन उत्पाद को किसी पैसे वाले को अपना उत्पाद नहीं दे पाते तो यह जरूरतमंद को पकड़कर उधारी पर सामान बिकवाने लगाते हैं, जो समय पर गुणवत्ताहीन के कारण बाजार में कितनी देर टिकेगा और वह उन से लगातार कर्ज के बोझ तले दबा इन नए उत्पाद बेचने के लिए कार्य करने को मजबूर हो जाता है, इन उद्योगपतियों को हर क्षेत्र में ऐसे बेरोजगार आसानी से मिल जाते हैं, जो इनसे उत्पाद खरीदकर जीवन पर्यन्त बेचने को मजबूर हो जाते हैं और इन उद्योगपतियों को खुद शून्य पर रहकर करोड़पति, अरबपति बनाने में ऐसे सहयोग करते हैं जैसे यह इसी लक्ष्य के लिए बने हों। बने भी क्यों नहीं, बाहरी राज्यों के यह उद्योगपति इतने संवेदनहीन हैं कि इन्होंने बाहरी राज्यों में उधारी वसूली के लिए लाखों देकर मरवाने तक की धमकी देते हैं। अत: आज व्यक्तिगत प्रगति चाहिए, तो प्रदेश को आत्मनिर्भर व उन्नत बनाने में सरकार व समाज दोनों को साथ आना होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सरकारी स्कूलों में कैसे बदलेगा शिक्षा का परिदृश्य?



लेखक : रोहित कुमार गुप्ता
आईजीएमसी शिमला



मौसम ने करवट ले ली है, बसंत के स्वागत में प्रकृति ने अपनी विस्मृणीय सुंदरता बिखेरना शुरू कर दिया है। कुछ ही दिन पहले प्रकृति के मनमोहक दृश्य को निहारते हुए अंगुलिया चहलकदमी करते हुए फोन के व्हट्सएप स्टेटस की तरफ घूमी तो अपने एक मित्र का स्टेटस पे रुकी। स्टेटस में उन्होंने अपने विद्यार्थियों की प्रगति का उल्लेख प्रकट किया था। खुशी से प्रफुल्लित मेरे मन से रहा नहीं गया और शुभकामना भरा संदेश भेज दिया। कुछ ही देर बाद मित्र का फोन आया और उन्होंने मेरी शुभकामना का आभार जताया।

बातें हाल-चाल पूछने के बाद कुछ और आगे बढ़ी तो मैंने कहा कि बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। मित्र ने धीमी आवाज में 'हां' कहा और लगभग दस सेकंड के सन्नाटे तक सामने से आवाज़ नहीं आई, तो मैंने फिर प्रश्न किया कि अब तो आपको उस स्कूल में दो साल हो गए हैं कैसा लग रहा है, परंतु इस बार जब सामने से आवाज आई, तो उस स्वर में एक अलग तरह का आत्मविश्वास था वाणी में ऊर्जा थी। जवाब मिला कि बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। जब छात्र कुछ अच्छा करते हैं, तो ऐसा महसूस होता है मानों सारी खुशियां जीवन में समाहित हो गई हों। आगे उन्होंने जब अपने स्कूल के भौगोलिक स्थिति को बताना शुरू किया। उनका स्कूल करसोग उपमंडल में एक पहाड़ी क्षेत्र साहज में पढ़ता है। मुख्य मार्ग से काफी यह एक उच्च विद्यालय है। जो अभी तक पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया है।

ग्रामीण परिवेश के बच्चों के माता- पिता बहुत कम पढ़े-लिखे हैं, जो अपना गुजारा दिहाड़ी मजदूरी करके करते हैं। उस क्षेत्र में पढ़ाई का माहौल न के बराबर है। जब मित्र वहां गए, तो बच्चे सदियों से चली आ रही अपने पुरखों की बनाई हुई परंपरा पर ही चल रहे थे, परंतु उन्होंने उसी स्कूल में अन्य अध्यापकों के सहयोग के साथ उन बच्चों में कुछ करने की ठानी।

शुरू में तो सभी अध्यापक हंसी का पात्र भी बने, परंतु धर्य, परिश्रम, आत्मविश्वास और द्रीड संकल्प ने शिक्षा की ऐसी लौ जगाई कि आज उनके छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर तक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज उनके छात्र 2022 से एनएमएमएस में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। 2022 में दो बच्चों ने 2023 में एक ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस जूनियर वर्ग में इस वर्ष ब्लॉक स्तर पर दूसरा स्थान तथा सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इस वर्ष ही इंस्पायर प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रीय स्तर पर एक विद्यार्थी का चयन हुआ। जिसमें दस हजार की धन राशि प्राप्त हुई। अब यहां से एक बात तो साफ है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी किसी भी सूरत में प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों से योग्यता में कम नहीं हैं। संभवत: सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बहुत से बच्चों की पृष्ठभूमि, पारिवारिक वातावरण प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों जैसा नहीं होता है, परंतु शिक्षकों का अथक प्रयास उन बच्चों में शिक्षा की लौ जलाकर एक सकारात्मक परिणाम ला सकता है। शिक्षा भावी जीवन का बुनियादी ढांचा है। शिक्षा अच्छी हो तो समाज प्रगति की राह पर अग्रसर होता है और अच्छी शिक्षा में सबसे महत्वपूर्ण योगदान शिक्षक का ही होता है। इसीलिए इन्हें राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी गई है। शायद इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के अनुसार 'सबसे अधिक काबिलियत रखने वाले युवाओं को शिक्षक बनना चाइए'। सरकारी स्कूलों में यदि छात्रों की संख्या कम होती जा रही है, इसके लिए काफी हद तक शिक्षक ही जिम्मेदार हैं और इस जिम्मेदारी को हम मिड डे मील की आड़ में छुपा नहीं सकते।

मसले, मुश्किलें जीवन का हिस्सा है और तकलीफें कामयाबी की सच्चाइयां। छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार एक शिक्षक के अलावा कोई और कर ही नहीं सकता। अत: शिक्षक द्वारा हर दिन कुछ नया सिखाने की ललक ही सरकारी स्कूलों को अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर सकेंगे। इसके लिए प्रत्येक अध्यापक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाहन करना होगा, ताकि शिक्षा का जोत समाज के चंद धनवानों को की प्रकाशित न करता रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हाल** ही म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के ताकतवर भूकंप ने 2000 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली और 2800 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के प्रभाव में आकर जिस तरह से इमारतें ढहीं, सड़कें, पुल और बांध टूटे और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं, यह प्रकृतिका ही ऐसी नजीर है, जो बढ़ते शहरीकरण के लिए चेतावनी है। इसी बीच अमेरिका की भूगर्भीय सर्वेक्षण एजेंसी ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से भी अधिक पहुंच सकती है। इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गईं। भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार का भूकंप काफी उथला था।

**रितिक नाग, धर्मशाला**

# हम कितनी इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हैं अपनी शिक्षा प्रणाली को बदलने में



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून , उत्तराखंड



हमारी शिक्षा प्रणाली में समय समय पर परिवर्तन होते रहे हैं। हमारी वैदिक और सनातन संस्कृति में गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली का चलन था। जिसमें शिष्य को अपने घर का त्याग कर, अपने गुरु के सानिध्य में रहते हुए, ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए, शिक्षा ग्रहण करने के साथ, संसार में जीवन यापन में आने वाली कठिनाइयों और उनका धर्मपरक समाधान क्या हो, कैसे हो? आदि भी शिक्षा पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग होता था। मुगल काल में शिक्षा के स्वरूप में परिवर्तन आया और फिर अंग्रेजों के आने पर फिर हमारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन आया। यह परिवर्तन, आने वाले भविष्य की आधारशिला रखने वाला सिद्ध हुआ, क्योंकि ब्रिटिश काल का उद्देश्य भारतीयों की मानसिकता को अपना गुलाम बनाने का था। इसीलिए उन्होंने हमारी वैदिक और सनातन संस्कृति को अंधविश्वास का नाम दे, उसे नकार दिया जाने लगा।

अंग्रेजों ने बड़ी चालाकी से हमारी गुरुकुल प्रथा को अपना कर, एक नया नाम दे दिया 'बोर्डिंग स्कूल' हम भारतीय उनकी इस चालाकी को समझे बगैर बोर्डिंग स्कूल का राग अलापने लग गए। पहाड़ी क्षेत्रों में इस प्रकार के स्कूलों की स्थापना की गई। इन विद्यालयों में शिक्षा का पाठ्यक्रम, ब्रिटिश सरकार का अपना बनाया हुआ था जिसे बाद में मैकाले की शिक्षा पद्धति के नाम से कोसा जाता रहा है। हमने अपनी वैदिक तथा सनातन मूल्यों पर आधारित गुरुकुल शिक्षा पद्धति का अपने हाथों से विध्वंस किया और अंग्रेजों द्वारा स्थापित किए गए बोर्डिंग स्कूल में अपने बच्चों को प्रवेश दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने को तैयार हो गए। जिसके परिणाम हमारे सामने धीरे-धीरे आ रहे हैं। बच्चों को हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति एक बोझ लगने लगी है, उन्हे अपने माता- पिता और शिक्षकों के चरण स्पर्श करने में शर्म महसूस होती है, आज उन्हे अपने महान धार्मिक पात्रों और उनकी शिक्षाओं में कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती है।

वे पवित्र ग्रंथों और शास्त्रों का अध्ययन नही करना चाहते। हमने अपने हाथों से अपनी गौरवशाली शिक्षा पद्धति का सर्वनाश कर, विदेशी शिक्षा पद्धति को प्रोत्साहित किया। बीच-बीच में मैकाले की विदेश शिक्षा पद्धति में, भारतीयता का रूप देने के लिए, छोटे मोटे प्रयास, मैकाले की शिक्षा पद्धति के खिलाफ उठने वाली आवाजों को कम करने के जरूर किए जाते रहे।

जैसे स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा या मॉरल एजुकेशन विषय को सम्मिलित किया जाना, ताकि बच्चों में क्षीण होती नैतिकता को संभाला जा सके। नैतिक शिक्षा के लिए भी उन कक्षाओं का चयन किया गया, जिसमे पढ़ने वाले बच्चों को हम भारतीय भगवान का स्वरूप कहते हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वे सांसारिक बुराइयों से बहुत दूर होते हैं, जिनका हृदय निर्मल और निश्चल होता है, जिनमें किसी के प्रति भेदभाव की भावना होती ही नहीं है, यह बच्चे हैं कक्षा एक से पांच तक के। ऐसे बच्चों को नैतिक शिक्षा देने का एक ही उद्देश्य हो सकता है कि हम अपनी नींव का उचित पोषण करना चाहते हैं। अगर हम अपनी गुरुकुल पद्धति का अध्ययन करें, तो पाएंगे कि वहां किशोर तथा युवावस्था तक नैतिक गुणों को उन्नत करने का प्रयास जारी रहता था, ताकि एक जिम्मेदार, संस्कारवान, निडर, आदर्शवान नागरिक तैयार किया जा सके।

वर्तमान में, आज जो युवाओं में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है, उसका कारण नैतिक शिक्षा का आभाव है। एनएसएस ( राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना ) जैसी संस्थाएं सामाजिक सेवा की भावना जागृत कर सकती है, परंतु नैतिक गुणों के अभाव में उसकी सफलता भी संदेहास्पद है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि वरिष्ठ माध्यमिक तथा महाविद्यालय स्तर (स्नातक) पर नैतिक शिक्षा का समावेश किया जाए। आज हमारे शिशुओं की अपेक्षा नैतिकता का पाठ किशोरों और युवाओं को पढ़ाने की ज्यादा आवश्यकता है। देश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही हमारी शिक्षा पद्धति का भी नव स्वरूप हमारे सामने आ चुका है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद ने रामकृष्ण मिशन के नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम को छठी, सातवीं तथा आठवीं कक्षाओं में सम्मिलित कर एक नई परंपरा का शुभ आरंभ किया है। जरूरत है इन प्रयासों को हमारे किशोर और युवा तक पहुंचाने के लिए योजना और उसका क्रियान्वयन करने की इच्छा शक्ति और कर्तव्य निष्ठा की। देश की उच्च शिक्षा नीति निर्माताओं को इस तरफ अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। तभी 'लिव इन रिलेशन' जैसी कुरितियों को हम समाज से उखाड़ फेंकने में सफल हो पाएंगे। देश में भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन सरकार की कर्तव्य निष्ठा और इच्छा शक्ति को प्रदर्शित करता है। अत: देश की राजभाषा के साथ प्रदेशों की क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दी ही जानी चाहिए। अंग्रेजी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में ही पढ़ाया जाना चाहिए न कि एक गुलामी के प्रतीक के रूप में। इसलिए अब देखना है कि हम कितनी इच्छा शक्ति प्रदर्शित करते है अपनी शिक्षा प्रणाली को बदलने में।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इस चैत्र नवरात्र में अपनी इच्छाओं को साकार करें



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु



नवरात्र के नौ दिन उत्सव मनाने और सृष्टि को संचालित करने वाली तीन मूलभूत शक्तियों (गुणों) से परे जाने का एक अद्भुत अवसर हैं। नवरात्र के पहले तीन दिन तमोगुण से संबंधित होते हैं, जो जड़ता, भारीपन और अंधकार का प्रतीक है। अगले तीन दिन रजोगुण से जुड़े होते हैं, जो गतिविधि और चंचलता का प्रतीक है। अंतिम तीन दिन सतोगुण से संबंधित होते हैं, जो पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक है। हालांकि, ये तीनों गुण हमारे जीवन को नियंत्रित करते हैं, फिर भी हम उन्हें पहचानने और उन पर विचार करने के लिए समय नहीं निकालते हैं।

ये तीनों गुण सृष्टि में शक्ति (दिव्य माता) के ही विभिन्न रूप माने गए हैं। जब हम नवरात्र के दौरान मां शक्ति की पूजा करते हैं, तो हम इन तीनों गुणों को संतुलित कर वातावरण में सतोगुण को बढ़ाते हैं। हमारी चेतना तमोगुण और रजोगुण से आगे बढ़ते हुए अंतिम तीन दिनों में सतोगुण में खिल उठती है। अपने लक्ष्य को साकार करने का सबसे सरल उपाय है—स्पष्ट संकल्प लें, उसे ब्रह्मांड में समर्पित करें और फिर बिना किसी लगाव के उसकी दिशा में काम करते रहना। नवरात्र का यह समय विशेष रूप से हमारे संकल्पों (संकल्प शक्ति) को साकार करने के लिए अत्यंत प्रभावशाली होता है।

हमारा संकल्प अत्यंत शक्तिशाली होता है, यही हमारे प्रत्येक कार्य को संचालित करता है। हाथ हिलाने से पहले मन में संकल्प उत्पन्न होता है। यदि मन कमजोर हो तो संकल्प भी कमजोर होता है, परंतु जब हम ज्ञान और ध्यान में समय व्यतीत करते हैं, तो हमारे संकल्प दृढ़ होते हैं और शीघ्र ही साकार हो जाते हैं। जब हम इन नौ दिनों में उपवास, प्रार्थना, मौन और ध्यान के माध्यम से एक आध्यात्मिक यात्रा पर निकलते हैं, तो हम अपने वास्तविक स्वरूप में वापस आ जाते हैं; जो प्रेम, आनंद और शांति है।

जब जीवन में सतोगुण प्रबल होता है, तो सफलता सुनिश्चित होती है। जब हमारा सतोगुण उच्च होता है, तब हमारे संकल्प स्वत: सिद्ध होते हैं और हम अपने लक्ष्यों को सहजता से प्राप्त कर लेते हैं। कुछ लोग जब ध्यान करने बैठते हैं, तो अपने आसपास की हर गलत चीज के बारे में सोचते रहते हैं जिसे ठीक करने की जरूरत है। यहां कर्तापन की भावना अत्यधिक प्रबल होती है, परंतु जब हम भीतर जाते हैं, तो हमें पूर्ण स्वीकृति रखनी चाहिए—'सब कुछ ठीक है, जैसा है वैसा ही अच्छा है।' कई बार एक इच्छा, एक जुनून बन जाती है, जो हमारे लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा बन जाती है। इसलिए, हमारी इच्छाओं में उतावलापन नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें यह विश्वास रखना चाहिए कि जो कुछ भी हमारे लिए शुभ है, वह स्वाभाविक रूप से हमें मिलेगा। यदि किसी परिस्थिति में अल्पकालिक लाभ न भी दिखे, तो दीर्घकाल में हमारे लिए सर्वोत्तम ही घटित होगा।

इन देवी मां नौ दिनों के लिए छोटी-मोटी चिंताओं, इच्छाओं और समस्याओं को एक ओर रख दें और भीतर की ओर यात्रा करें। देवी मां से प्रार्थना करें—'मैं आपका हूं, आपके द्वारा मेरे लिए निर्धारित सर्वोत्तम मार्ग ही मेरे जीवन में साकार हो।' इस अटूट विश्वास के साथ जब आप अपनी आध्यात्मिक साधना को आगे बढ़ाएंगे, तो आपको किसी भी चीज की कमी नहीं होगी। जो कुछ भी आपके लिए आवश्यक है, वह स्वाभाविक रूप से आपको प्राप्त होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 37 करोड़ से फोरलेन होगा झलेड़ा–घालूवाल पुल

## उपमुख्यमंत्री ने कहा- 52 करोड़ रुपए से पंडोगा-त्यूड़ी पुल भी इस साल बनकर हो जाएगा तैयार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के सबल नेतृत्व में विकास के निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुके हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी विकास परियोजना की सौगात मिली है। हरोली के झलेड़ा–घालूवाल पुल को लगभग 37 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस संबंध में प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। अग्निहोत्री ने कहा कि इस परियोजना की स्वीकृति को लेकर केंद्रीय मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बीते एक वर्ष से विभिन्न स्तरों पर लगातार चर्चा चल रही थी। बीती 31 मार्च की शाम को इस नए फोर लेन पुल के लिए 36 करोड़ 93 लाख 48 हजार 947 रुपए की धनराशि की मंजूरी मिल गई है। उपमुख्यमंत्री ने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा एनएचएआई के चेयरमैन का आभार व्यक्त किया।



**स्वीकृति के लिए नितिन गडकरी व एनएचएआई के चेयरमैन का जताया आभार**

### 1962 में बना था पुल

**अग्निहोत्री** ने बताया कि 1962 में पंजाब (तब ऊना, पंजाब प्रांत का हिस्सा) के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप चंद कैरों ने स्वां नदी पर झलेड़ा-घालूवाल पुल बनवाया था। समय के साथ बढ़ते यातायात के कारण पुल के पायों पर अत्यधिक दबाव पड़ने लगा और छोटे पुल के कारण यहां ट्रैफिक कंजेशन की समस्या भी बन रही थी। वहीं, बरसात में नुकसान पहुंचने से इसे मरम्मत के लिए अस्थायी रूप से बंद भी रखना पड़ा। यह पुल हरोली विधानसभा क्षेत्र का प्रवेश द्वार है, इसके स्थान पर नया 4 लेन पुल बनाने का प्रस्ताव तैयार कर इसे मंजूरी दिलाने का काम किया गया। इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी।

### हरोली निर्णायक विकास के दौर में

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र निर्णायक विकास के दौर में है। हरोली की जनता के आशीर्वाद से ही उन्होंने राजनीति में हर मुकाम हासिल किया है और इस क्षेत्र का विकास उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे में हरोली के विकास से किसी को भी एतराज नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हरोली के विकास से पीड़ा हो रही है, वे झेंप मिटाने को यहां वहां बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन किसी के चिल्लाने से तथ्य नहीं बदलते। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिन्हें विकास से समस्या हो रही है, वे समझ लें कि यह पीड़ा आगे और बढ़ेगी।

### आज टाहलीवाल अग्निशमन चौकी का करेंगे लोकार्पण

**उपमुख्यमंत्री** बुधवार 2 अप्रैल को हरोली उपमंडल के तहत विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री बुधवार को सायं 3 बजे हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत टाहलीवाल में अग्निशमन चौकी का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सायं 5 बजे पूबोवाल में नाबार्ड के तहत गिड़गिड़ा साहिब से टाहली साहिब तक सड़क निर्माण और मुख्य सड़क से बाबा भर्तृहरी और किन्नू मोहल्ला, पंजुआना-बालीवाल सड़क निर्माण का भूमि पूजन करेंगे।

### विकास की गति आगे और तेज होगी

केंद्र से धन लाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति, ठोस व्यक्तिगत संबंध और विकास के प्रति समर्पण आवश्यक है। हम संघीय ढांचे के अंतर्गत रहते हैं और राज्य का अधिकार है कि उसे उसका उचित हिस्सा मिले। हरोली के लिए लगातार नई परियोजनाएं मंजूर करवाई जा रही हैं। हालही में केंद्र सरकार से 75 करोड़ रुपए की बीत क्षेत्र सिंचाई परियोजना-2 को भी स्वीकृति मिल गई है। विकास की यह गति आगे और तेज होगी।

## नेगी के मौत मामले की हो सीबीआई जांच

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वर्गीय विमल नेगी हिमाचल प्रदेश के एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे, जिनकी संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। राजपत्रित कर्मचारी महासंघ ब्लॉक ऊना के पूर्व अध्यक्ष राजीव वशिष्ठ ने कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी पर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि वे गलत फाइलों पर हस्ताक्षर करें। यह दबाव केवल कुछ विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से था। सरकार द्वारा लगातार उनके साथ मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिसके चलते वे अत्यंत तनाव में थे। राजीव वशिष्ठ के साथ–साथ अजय पराशर (प्रदेश अध्यक्ष, राज्य बिजली बोर्ड), शिव मेहण (संयुक्त सचिव), चंदेल (अध्यक्ष, सेवानिवृत्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन, ऊना शहर), यशपाल रायजादा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ) आदि ने सरकार की इस कार्यशैली पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इन सभी का मानना है कि प्रदेश सरकार एक आईएएस अधिकारी को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस प्रकरण की सीबीआई जांच हो, जिससे नेगी के परिवार को न्याय मिल सके। कल सायं 5:30 बजे सर्किट हाउस ऊना से कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा।

## बंगाणा कॉलेज में नकल रोकने वाले के साथ मारपीट का आरोप

**शिकायतकर्ता का आरोप जमीन पर बैठाकर लात घूंसे और थप्पड़ मारे**

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज, बंगाणा में परीक्षा में नकल की शिकायत करने वाले व्यक्ति पर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने कॉलेज प्राचार्य और एक महिला प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में शिकायत हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला के बीसी (वाइस चांसलर) को भेजी गई है।

शिकायतकर्ता विवेक सिंह के अनुसार, जब वह परीक्षा कक्ष में नकल की घटना की जानकारी देने के लिए कॉलेज प्राचार्य के कक्ष में गया, तो वहां मौजूद प्राचार्य ने परीक्षा हाल में ड्यूटी पर तैनात महिला प्रोफेसर को बुलाया। इसके बाद आरोप है कि शिकायतकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जमीन पर बैठाकर लात–घूंसे और थप्पड़ मारे गए। पीड़ित का कहना है कि वह सिर्फ परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नकल की जानकारी देने गया था, लेकिन उसके साथ जो व्यवहार हुआ, वह शर्मनाक है। मैंने सोचा था कि कॉलेज प्राचार्य मेरी बात सुनेगा और उचित कार्रवाई करेगा, लेकिन मुझे ही प्रताड़ित किया गया। अब मुझे इंसाफ चाहिए। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगाई कि कॉलेज में परीक्षा की शुचिता बनी रहे और दोषियों को उनके किए की सजा मिले। विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। उक्त कॉलेज में स्टाफ की मनमानी को लेकर छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन छात्र हितों की अनदेखी कर रहा है और अपनी मनमानी कर रहा है। विवेक सिंह के अनुसार छात्रों की समस्याओं को सुना नहीं जाता और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की कमी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी में खोया 3 साल का बच्चा मिला

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में चल रहे चैत्र नवरात्र के दौरान उत्तर प्रदेश के रहने वाले लीलाधर का 3 साल का बच्चा अमित मां चिंतपूर्णी के दर्शन करने जा रहे अपने परिवार से अलग हो गया था। परिवार और साथी बच्चे उसकी तलाश में परेशान रहे, लेकिन बच्चा बाबा माई दास सदन गेट नंबर दो में पहुंच चुका था। पुलिस महिला कर्मचारियों ने बच्चे को गेट नंबर 5 में स्थापित मुख्य सुरक्षा अधिकारी के ऑफिस में लाया। मंदिर कर्मचारियों ने मंदिर कंट्रोल रूम के माध्यम से बच्चे के गुम होने की घोषणा करवाई। बाद में सुरक्षा कर्मचारियों और मंदिर कर्मचारियों ने बच्चे को उसके परिवार से मिलाया। चिंतपूर्णी में चैत्र नवरात्र के दौरान उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और अन्य राज्यों से श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। चिंतपूर्णी मंदिर में तैनात मंदिर सुरक्षा कर्मचारी, होमगार्ड के जवानों, मंदिर कर्मचारियों द्वारा इससे पहले भी ऐसी घटनाओं को मंदिर में स्थापित सूचना केंद्र के माध्यम से हल किया है।

### नेशनल मूट कोर्ट में हिस्सा लेकर लौटी टीम

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नेशनल मूट कोर्ट में भाग लिया। संस्थान के बीए एलएलबी ऑनर्स तृतीय वर्ष के छात्र हरदीप, तान्या व कंचन ने संस्थान का नेतृत्व किया। संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हर शैक्षणिक स्तर में संस्थान अपने खर्चे पर लॉ के छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भेजता आ रहा है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। पिछले वर्ष करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में संस्थान की टीम विजेता रही थी। पिछले वर्ष हिमकैप्स के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया था। संस्थान के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में प्रोत्साहित करना है।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला 7 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विध्या ज्योति यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा 7 अप्रैल को जिला सैनिक कल्याण केंद्र ऊना में हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला लगाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, प्रशासनिक अधिकारी (जेसीओ), करियर काउंसलर के पद भूतपूर्व सैनिकों से भरे जाएंगे। जिला सैनिक कल्याण ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने बताया कि इन पदों के लिए आयु 35 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक भूतपूर्व सैनिक निर्धारित तिथि और स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।



ऊना के समीपवर्ती अरनियाला, अजनौली, डंगोली तथा वरनोह आदि गांवों में एक क्रेडिट सोसायटी द्वारा लोगों से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय एक महिला एजेंट के कारण उनसे ठगी हुई है।

## माता के जयकारों से गूंजा चिंतपूर्णी मंदिर



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

विश्व विख्यात सिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में चल रहे चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भी माता रानी के दरबार में भक्तों की रौनक लगी रही।

माता का दीदार पाने के लिए उनके भक्त लगातार पहुंच रहे हैं। मंगलवार सुबह तड़के चार बजे मंदिर खुलने के साथ ही माता रानी के दर्शनों को श्रद्धालुओं की लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं। मंगलवार को सुबह सवेरे साढ़े पांच बजे माता रानी की आरती की गई। माता रानी के दर्शनों को श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए मां के दरबार पहुंचे। मंगलवार का दिन होने के कारण श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी मां के दरबार में हाजिरी लगाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। कई श्रद्धालु दंडवत होकर भी माता रानी के दरबार पहुंच रहे हैं। यूपी राज्य से आने वाले श्रद्धालु टूरिस्ट बसों में हिमाचल के शक्तिपीठों की यात्रा कर रहे हैं। चिंतपूर्णी मंदिर में चल रहे नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### नवरात्र पर चढ़ावे का रिकॉर्डतोड़ आंकड़ा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी को भक्ति और श्रद्धा के साथ चढ़ावा चढ़ाया। इस दौरान मंदिर में चढ़ावे का आंकड़ा पहले दिन 14,40,816 रुपए और दूसरे दिन 9,94,778 रुपए तक पहुंच गया। दोनों दिनों के चढ़ावे का कुल आंकड़ा 24,35,594 रुपए है। यह आंकड़ा चिंतपूर्णी मंदिर की भक्ति और श्रद्धा का प्रमाण है। श्रद्धालु रोजाना अन्य राज्यों से मां चिंतपूर्णी के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन मंदिर प्रशासन और पुलिस की व्यवस्था के कारण सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।

## गुरिंदर सिंह ढिल्लों व जगदीप सिंह ने गगरेट में अनुयाइयों को दिए दर्शन

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राधा स्वामी डेरा ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों व नए डेरा मुखी जगदीप सिंह गिल के पहली बार एक साथ गगरेट में कदम पड़े। उनकी एक झलक पाने के लिए डेरा ब्यास के अनुयायी उत्साहित नजर आए।

गुरिंदर सिंह ढिल्लों व जगदीप सिंह गिल के गगरेट आने की खबर जंगल की आग की तरह फैली और मंगलवार सुबह गगरेट कस्बा गाड़ियों से पैक हो गया। राधा स्वामी सत्संग घर में जगह पाने के लिए डेरे के अनुयाई सुबह ही आकर डट गए और दो–दो महान आत्माओं का एक साथ दीदार पाकर धन्य हो गए। डेरा प्रमुख व नए डेरा मुखी राधा स्वामी सत्संग घर में करीब पंद्रह मिनट तक रुके और अपने अनुयाइयों को दर्शन देकर गंतव्य की ओर बढ़ गए। गुरिंदर सिंह ढिल्लों, जगदीप सिंह गिल एक साथ डेरा ब्यास से चौपर के माध्यम से गगरेट पहुंचे। यहां उनका चौपर प्रबल टीएमटी सरिया उद्योग में लैंड हुआ। प्रबल टीएमटी सरिया उद्योग के मालिक भी डेरा ब्यास के अनुयाई हैं। यहां पहुंचने पर सादगी के साथ दोनों महान आत्माओं का स्वागत हुआ। उद्योग परिसर में करीब आधा घंटा तक दोनों प्रमुख विराजमान रहे और इस दौरान उनकी झलक पाने के लिए उद्योग प्रबंधन व वहां तैनात कर्मचारी भी आतुर नजर आए, जबकि उनके आने की खबर मिलते ही उनके कई अनुयाई भी उद्योग के आसपास एकत्रित हो गए। संगत दोनों के एक साथ दर्शन कर निहाल हो गई। इसके बाद गुरिंदर सिंह ढिल्लों व जगदीप सिंह गिल हवाई मार्ग से परौर के लिए रवाना हुए।

## अफीम के 128 पौधे बरामद किए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के समीप बसोली में अफीम की अवैध खेती मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर अफीम के सवा सौ पौधे बरामद किए हैं। फिलहाल भू–मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बसोली पंचायत में पुलिस ने एक घर के किचन गार्डन की क्यारियों में लगाए गए अफीम के 128 पौधे बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा बरामद किए गए इन सभी पौधों पर बिना चीरा लगे डोडे भी मिले हैं। पुलिस ने इस संबंध में भूमि मालिक गुरदीप चंद निवासी बसोली के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस को सूचना मिली कि बसोली गांव में एक व्यक्ति ने अपने किचन गार्डन में सरसों और प्याज के अलावा बड़ी संख्या में अफीम डोडे के पौधे लगाए हुए थे। सदर पुलिस ने सूचना के आधार पर बसोली गांव में दबिश दी, तो मौके पर आरोपित की पत्नी अनीता देवी भी वहीं मौजूद थी। पुलिस ने क्यारी में लगाए गए 128 पौधे बरामद किए हैं।

## साहब! वार्ड–7 को नगर पंचायत बंगाणा में न किया जाए शामिल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल की पंचायत हटली के वार्ड सात के दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम अमित कुमार से मुलाकात कर वार्ड को नगर पंचायत बंगाणा में शामिल न करने की अपील की। ग्रामीणों का कहना है कि इस वार्ड में 200 से अधिक परिवार रहते हैं, जिनमें हरिजन बस्ती की संख्या अधिक है।

यहां के अधिकांश लोग मनरेगा, मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं। ऐसे में नगर पंचायत में शामिल होने से उनके हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व करते हुए वार्ड सदस्य अनिल पटियाल ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस मुद्दे पर जनता की सहमति को प्राथमिकता दी जाए। वार्ड–सात के लोग अपनी मौजूदा व्यवस्था में संतुष्ट हैं और नगर पंचायत में शामिल होने से उन्हें विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर उनका वार्ड नगर पंचायत का हिस्सा बन गया, तो उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं और सुविधाओं में कटौती हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक वे मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से अपने जीवन–यापन की व्यवस्था कर रहे हैं यदि नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया, तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ सकता है। एसडीएम अमित कुमार ने ग्रामीणों की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करता है और किसी भी निर्णय को लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों की राय ली जाएगी।

## यातायात नियमों का किया उल्लंघन वसूले 46 लाख

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी थाना पुलिस द्वारा अक्तूबर 2024 से 2025 तक की अवधि में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए कुल 8647 चालान काटे गए, जिनमें से 6940 चालान पुलिस द्वारा सीधे जमा करवाए गए, जबकि 1707 चालान न्यायालय में भेजे गए। इस कार्रवाई से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस दौरान कुल जुर्माना राशि 46,24,800 रुपए वसूली गई है। यह जानकारी डीएसपी वसुधा सूद द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार हो रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही, यह भी सुनिश्चित होगा कि यातायात व्यवस्था में सुधार हो और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए प्रशासन: कालिया

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट उपमंडल की पंचायत अप्पर भंजाल के लिए स्वीकृत किए गए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए धरातल स्तर पर प्रयास शुरू हो गए हैं। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आधारभूत ढांचा खड़ा करने के लिए विधायक राकेश कालिया की अगुवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक केंद्रीय विद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई।

इसमें सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित भूमि की निशानदेही तय समय पर करवाने पर विचार–विमर्श किया गया। केंद्रीय विद्यालय के प्रतिनिधियों के कहा कि अगर ये औपचारिकताएं प्रशासन जल्द पूरी करता है, तो मई या जून में केंद्रीय विद्यालय की अस्थायी कक्षाएं शुरू करने के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि गगरेट क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसके लिए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए शासन व प्रशासन भी गंभीर है। फिलहाल केंद्रीय विद्यालय की अस्थायी कक्षाएं शुरू करने के लिए भंजाल स्कूल में भवन उपलब्ध करवाया गया है, जबकि केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भंजाल में ही भूमि चयनित कर ली गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने लोक निर्माण विभाग को तय समय में केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित भूमि तक पक्की सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। सड़क की चौड़ाई कम से कम पांच मीटर होनी चाहिए, ताकि केंद्रीय विद्यालय तक वाहनों का आवागमन सुगमता के साथ हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली विभाग को भी तत्काल एस्टीमेट तैयार कर चयनित भूमि तक बिजली पहुंचाने को कहा। उन्होंने जलशक्ति विभाग से भी केंद्रीय विद्यालय की साइट तक पाइप लाइन से पेयजल पहुंचाने और वहां ट्यूबवेल की स्थापना की संभावनाएं तलाशने को कहा।

### यह है कंजक पूजन की बेहतर मिसाल

## पूर्व विधायक ने निर्धन परिवार की बेटी की फीस अदा की

**सन्नी पुरी, गगरेट**



चैत्र नवरात्र में हर ओर मां दुर्गा की आराधना हो रही है। मां के भक्त ज्योति स्वरूप मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए फलाहार उपवास रख रहे हैं, तो दुर्गा अष्टमी पर कंजक पूजन की भी तैयारी हो रही है।

उधर, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने नवरात्र के उपलक्ष्य पर ऐसा कंजक पूजन किया है कि जो हर किसी के लिए नजीर बन सकता है। विकास खंड गगरेट के घनारी गांव की अति निर्धन परिवार से संबंधित बीबीए की छात्रा इसलिए पढ़ाई छोड़ने जा रही थी कि उसके पास फीस भरने के पैसे नहीं थे। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने उस छात्रा के लिए फीस का इंतजाम कर न सिर्फ मां सरस्वती को प्रसन्न किया है, बल्कि जिसने भी पूर्व विधायक के इस क्रियाकलाप के बारे में सुना, वह यही कह रहा है कि वास्तव में नवरात्र के उपलक्ष्य पर यही कंजक पूजन है। दरअसल घनारी गांव की मनाली चौधरी पुत्री मुकेश कुमार बीपीएल परिवार से है। उसके पिता की एक हादसे में एक टांग काटनी पड़ी और अब वह 90 फीसदी दिव्यांग हैं, जैसे–तैसे मनाली चौधरी ने बीबीए प्रथम सेमेस्टर की फीस का प्रबंध किया, लेकिन अब सेकेंड सेमेस्टर में फीस उतारना उसके लिए पहाड़ जैसा प्रतीत हो रहा था। राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक की छात्रा मनाली चौधरी मन में यही सोच रही थी कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं तो परिजनों से फीस की मांग करना उचित नहीं होगा। एक बार तो उसने मन बना लिया कि पढ़ाई छोड़ कोई काम कर ले, ताकि परिजनों की आर्थिक तौर पर मदद की जा सके। (अनंत ज्ञान)

**निर्देश** विवेक शर्मा ने रेस्ट हाउस बसाल में सुनी जनसमस्याएं, अधिकतर का मौके पर किया समाधान

## कुटलैहड़ में मूलभूत सुविधाएं हो रही सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बसाल स्थित रेस्ट हाउस में जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विवेक शर्मा ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान उनके घरद्वार पर ही किया जाएगा। क्षेत्र के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी और सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाएं जाएंगे। विवेक शर्मा ने क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ के मोमन्यार में एक लघु औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इस परियोजना के लिए लगभग 300 कनाल भूमि चिन्हित की जा चुकी है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति के लिए सरकार को भेजी जाएगी। इस



औद्योगिक क्षेत्र के विकास से क्षेत्र में प्रगति और रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे, जिससे युवाओं को व्यापक स्तर पर लाभ होगा और क्षेत्र की समृद्धि को नया स्वरूप मिलेगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने कुटलैहड़ प्रवास के दौरान अघलोर में 17 करोड़ रुपए की लागत से ऊर्जा पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया है।

इसके साथ ही दो और पावर प्रोजेक्ट्स के लिए भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और वे जल्द ही इन प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह करेंगे। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए धरातल पर कार्य किया जा रहा है। पर्यटन विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अंदरौली को पर्यटकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं। वहां पर्यटन विकास के लिए 12.50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह धनराशि जेट स्कीइंग, कायाकिंग, नौकायन, और यॉच जैसी विभिन्न जलीय मनोरंजक गतिविधियों से जुड़ी सुविधाओं के विकास पर खर्च की जाएगी। कुटलैहड़ के 1027 गरीब परिवारों को अपने घर बनाने का सपना पूरा करने के लिए 15.40 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें प्रत्येक परिवार को पक्का मकान बनाने के लिए 1.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। विवेक शर्मा ने कहा कि वे मुख्यमंत्री के सशक्त मार्गदर्शन में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को विकास का आदर्श बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विधायक बनने के बाद क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा और गति देने के लिए व्यापक और ठोस प्रयास किए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब साफ तौर पर दिखने लगे हैं। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जिससे विकास की राह में और तेजी आई है। विवेक शर्मा ने जनता से अपील की कि वे क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी करें और सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। कुटलैहड़ की जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्ष: आचार्य नीरज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के गांव नायली क्षेत्र में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य नीरज शर्मा ने कथा का महत्व समझाते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मोक्ष का द्वार खोलने वाली दिव्य कथा है।

कथा के शुभारंभ के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पहले दिन कथा की शुरुआत गणेश वंदना और मंगलाचरण से की गई। इसके बाद आचार्य नीरज शर्मा जी ने श्रीमद् भागवत के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, भागवत कथा केवल धर्म ग्रंथ नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विज्ञान है, जो व्यक्ति को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। नीरज शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के भीतर भक्ति, श्रद्धा और आत्मज्ञान का संचार होता है। कलयुग में भगवान के दर्शन का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम भागवत कथा ही है। श्री कृष्ण स्वयं कहते हैं कि भागवत कथा सुनने और इसका मनन करने से व्यक्ति पापों से मुक्त होकर ईश्वर की कृपा प्राप्त करता है। उन्होंने राजा



परीक्षित और शुकदेव जी के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि जब परीक्षित को मृत्यु का अभिशाप मिला, तब उन्होंने मोक्ष प्राप्ति के लिए भागवत कथा का श्रवण किया। सात दिनों तक इस कथा को सुनकर उन्होंने अपने सारे पापों से मुक्ति पाई और मोक्ष प्राप्त किया।

कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं में अत्यधिक उत्साह देखा गया। भक्तगण भजन–कीर्तन में लीन होकर भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान कर रहे थे। भागवत कथा के दौरान आचार्य नीरज शर्मा ने कहा, जो भी श्रद्धा और भक्ति से इस कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन में सुख–शांति आती है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक जीवन जीने की कला सिखाने वाला ग्रंथ है।

## एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण दो में बिजली उत्पादन शुरू

# सरकार को सालाना मिलेगा 270 करोड़ राजस्व

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

एनएचपीसी चरण 2 के कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने कहा कि एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण दो में बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। परियोजना के नगवाईं स्थित कार्यालय परिसर में मंगलवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य को इस परियोजना से 12 फीसद निशुल्क उर्जा मिलेगी और 1 फीसद अतिरिक्त निशुल्क ऊर्जा का उपयोग स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए किया जाएगा।

**परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने दी जानकारी**

उन्होंने कहा कि एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण दो में तीन यूनिट बिजली का संचालन मंगलवार से शुरू हो गया है। 800 मेगावाट की पार्बती चरण दो में चार टरबाइन लगी हुई हैं। इसमें से तीन का सफल ट्रायल होने के बाद एक अप्रैल से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है, जबकि चौथी टरबाइन का अभी ट्रायल चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार को इस परियोजना से सालाना 270 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा। उन्होंने इसके लिए परियोजना के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना को पूरा करने में केंद्र सरकार की कंपनी को कई बाधाओं से जूझना पड़ा, लेकिन विभिन्न तरह की चुनौतियों से निपटते हुए परियोजना प्रबंधन को आखिर सफलता मिल गई है।

उन्होंने बताया कि ट्रायल के बाद जब बिजली का उत्पादन होगा तो नौ राज्यों और दामोदर वैली कॉरपोरेशन को बिजली सप्लाई की जाएगी। परियोजना से उत्पादित होने वाली बिजली से न केवल केंद्र सरकार को करोड़ों रुपए का लाभ होगा। वहीं, प्रदेश सरकार को भी वर्तमान औसत बिजली दरों के अनुसार प्रदेश सरकार को करीब 270 करोड़ रुपए की सालाना आय प्राप्त होगी। लिहाजा, दिसंबर 1999 से बन रही इस परियोजना को एनएचपीसी ने 25 साल बाद धरातल पर उतारा है। (अनंत ज्ञान)



### एनएचपीसी एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम

एनएचपीसी लिमिटेड केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। यह केंद्र का सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक सभी गतिविधियों को करने की क्षमता है।

### परियोजना की देश की सबसे लंबी टनल

परियोजना की 31.56 किलोमीटर लंबी एचआरटी देश की सबसे लंबी जलविद्युत टनल है। दो इन्कलाइन्ड प्रेशर शाफ्ट, जो प्रत्येक 1545.5 मीटर लंबा है, टीबीएम से खोदी गई दुनिया की सबसे लंबी इन्कलाइन्ड प्रेशर शाफ्ट सुरंगें हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी ने रखी थी आधारशिला

परियोजना की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 12 दिसंबर 1999 को रखी गई थी। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 11 सितंबर 2002 को 3919.59 करोड़ रुपए की परियोजना लागत को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण सितंबर 2002 में शुरू हुआ था। निर्माण के दौरान परियोजना को कई चुनौतियों जैसे बादल फटना, अचानक बाढ़, बैक-स्लोप विफलता, भारी डिस्चार्ज के साथ सिल्ट और शियर जोन आदि का सामना करना पड़ा है। परियोजना ने इन चुनौतियों पर काबू पा लिया है और चार यूनिटों में से तीन यूनिटों का वाणिज्यिक प्रचालन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। चौथी यूनिट के जल्द ही चालू होने की उम्मीद है।

### देश के 10 राज्यों को रोशन करेगी परियोजना

करीब ढाई दशक बाद तैयार हुई यह परियोजना हिमाचल समेत 10 राज्यों को रोशन करेगी। इस परियोजना में 200-200 मेगावाट की चार टरबाइनें लगी हैं। परियोजना से हिमाचल के अलावा चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश को बिजली मिलेगी।

## निर्माणाधीन मकान में लगी आग, दो लाख का नुकसान



**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की पंचायत नग्गर के अंतर्गत घड़ोपा गांव में एक लेंटलनुमा मकान में आग लगने से दो लाख का नुकसान हो गया है। मकान अभी निर्माणाधीन था जो कि मोजी राम का था। परिवार अभी अपने पुराने मकान में ही रह रहता है जिस कारण किसी तरह की जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

उधर, अग्निशमन अधिकारी पतलीकूहल सूरज भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने की सूचना फोन पर प्राप्त हुई मौके पर जा कर आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में 2 लाख का नुकसान हुआ है और बचाई गई संपत्ति 10 लाख के करीब है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## 16वीं शताब्दी में बना ऐतिहासिक नग्गर कैसल दो साल के लिए होगा बंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



कुल्लू जिले के धरोहर गांव नग्गर का नग्गर कैसल दो साल के लिए बंद हो रहा है जिसका कारण इस की रेनोवेशन है। पर्यटन विभाग द्वारा 12 करोड़ की लागत से नग्गर कैसल का कायाकल्प किया जा रहा है। नग्गर कैसल को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक आते हैं, लेकिन अब दो साल के लिए इसे बंद रखने के कारण पर्यटकों को भी निराशा होगी।

वहीं, स्थानीय लोगों के रोजगार पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। बैंग बैंग, बोल राधा बोल जब बी मेट, रोजा सहित कई साउथ की सुपर हिट फिल्मों की शूटिंग भी नग्गर कैसल में हो चुकी है। गांव के स्थानीय लोगों अभिषेक शर्मा, कुलदीप, संतोष, राजकुमार, रमेश का कहना है कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि नग्गर कैसल की रेनोवेशन का काम हो रहा है। इसके लिए हम विभाग व सरकार का धन्यवाद करते हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की भावनाओं और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए विभाग को नग्गर कैसल को पूरा बंद नहीं करना चाहिए ताकि इसे देखने आने वालों को निराशा न हो, साथ ही पर्यटन से जुड़े हुए स्थानीय लोगों का भी रोजगार चलता रहेगा।

**पर्यटन विभाग 12 करोड़ से कर रहा कायाकल्प**

**लोगों की मांग-रोजगार के मद्देनजर न किया जाए पूरा बंद**

वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी सुनयना शर्मा का कहना है कि विभाग द्वारा नग्गर कैसल में ठहरने की सुविधा को ऑनलाइन बंद कर दिया गया है और जल्द ही नग्गर कैसल को बंद कर इसकी रेनोवेशन का काम समय पर शुरू किया जाएगा, ताकि इसे समय पर भी पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि काम के चलते नग्गर कैसल को लगभग दो सालों तक बंद रखा जा सकता है ताकि काम में कोई व्यवधान न पड़ सके ।

## चिट्टे के साथ जालंधर का व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



कुल्लू जिले के भुंतर में पुलिस टीम ने चिट्टे के साथ जालंधर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। भुंतर पुलिस थाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भुंतर में एक होम स्टे में दबिश देकर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस जानकारी के अनुसार भुंतर पुलिस थाना की टीम को सूचना मिली कि पारला भुंतर में स्थित एक होम स्टे में पंजाब का युवक ठहरा हुआ है, जिसके पास नशीला पदार्थ चिट्टा हो सकता है। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई अमल में लाते हुए मौके पर दबिश दी। इस दौरान के कमरा नंबर 104 में ठहरे वरुण शर्मा (30) पुत्र स्व. सुरेश शर्मा निवासी मकान नंबर 655 आर मॉडल टाऊन, जालंधर (पंजाब) के कब्जे से 5.44 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को चिट्टा के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी युवक ने चिट्टे खरीद-फरोख्त कहां से की थी।

**भुंतर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की शुरू**

उधर, मामले की पुष्टि एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि 5.44 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है और उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अप्रैल माह में कुल्लू भाजपा करेगी बूथ संपर्क अभियान शुरू : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू की बैठक में पार्टी स्थापना दिवस और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के भव्य आयोजन को लेकर निर्णय किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू में जिलाध्यक्ष अमित सूद की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय हुआ। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष एवम् पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि 3 अप्रैल को दिवंगत विमल नेगी की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत पर प्रदर्शनी ग्राउंड ढालपुर में मौन जलूस निकाला जाएगा।

जिलाध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी मंडलों के पार्टी कार्यालयों में सजावट की जाएगी और उसके बाद पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाकर स्थापना दिवस और रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे।

**बोले-6 को पार्टी स्थापना दिवस से होगी शुरुआत**

8 और 9 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व पर बने सक्रिय सदस्यों का महासम्मेलन हर विधानसभा में आयोजित किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी की विचाराधारा और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यों पर प्रकाश डाला जाऐगा।

उन्होंने कहा कि 7 से 13 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता, पदाधिकारी, चुने हुए प्रतिनिधि और कार्यकर्ता जिला के सभी बूथों में जाकर जनजागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 से 25 अप्रैल तक को भीम राव अंबेडकर जयंती को भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, भाजपा जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बोध, प्रत्याशी नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र ठाकुर, सभी मंडलों के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे।

## सतलुज नदी में राफ्टिंग की मिली मंजूरी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



देश-विदेश के सैलानी अब आनी के साथ बहती सतलुज नदी में भी रिवर राफ्टिंग के द्वारा सतलुज की लहरों में अठखेलियां करते नजर आएंगे। हिमाचल प्रदेश पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग ने सतलुज नदी में राफ्टिंग की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी तकनीकी समिति और रिवर राफ्टिंग की सिफारिशों के आधार पर दी गई है।

राफ्टिंग का रूट आनी विधानसभा क्षेत्र की बैहना पंचायत के लुहरी से आनी की ओर करीब 500 मीटर दूर पंजवी बाह्या गांव से शुरू होगा। यह गांव लुहरी से आनी की तरफ 500 मीटर की दूरी पर है। राफ्टिंग रूट का अंतिम पड़ाव बैहना गांव के हनुमान मंदिर के समीप त्रिवेणी संगम में होगा। राफ्टिंग रूट की कुल लंबाई 5 किलोमीटर है। वाणिज्यिक (कमर्शियल) राफ्टिंग के लिए इच्छुक सभी ऑपरेटरों को हिमाचल प्रदेश रिवर राफ्टिंग नियम, 2005 के नियमों का पालन करना होगा। राफ्टिंग स्थल पर्यटन विभाग में पंजीकृत सभी योग्य ऑपरेटरों के लिए खुला रहेगा।

**आनी क्षेत्र के पर्यटन को जल्द लगने वाले हैं पंख**

**लुहरी के पंजवी से त्रिवेनी संगम तक 5 किमी में होगी राफ्टिंग**

सुरक्षा उपाय और उपयोगकर्ता शुल्क हिमाचल प्रदेश नदी राफ्टिंग नियम, 2005 के अनुसार तय किए जाएंगे। विभाग समय-समय पर इससे जुड़े नए दिशा-निर्देश भी जारी कर सकता है। जल्द ही प्रदेश सरकार की मंजूरी और पर्यटन विभाग के सौजन्य से कुल्लू-मनाली की भांति बैहना पंचायत में सतलुज नदी के किनारे जल पर्यटन को विकसित किया जाएगा। इसके लिए करीब एक वर्ष पहले सफल ट्रायल भी सतलुज नदी में किया गया था।

राफ्टिंग की इस मंजूरी से क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगाद्धों को घर द्वार पर ही स्वरोजगार के साधन उपलब्ध होंगे और पर्यटन व्यवसाय विकसित होने से क्षेत्र की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। जल्द ही आनी क्षेत्र के पर्यटन को पंख लगने वाले हैं।

## कुल्लू में उद्यमियों के लिए लगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय इंडिया (एमएसएमई) फोरम द्वारा राष्ट्रीय आईपी आउटरीच मिशन के तहत उद्यमिता नवाचार और बौद्धिक संपदा के रणनीतिक उपयोग पर उद्यमियों को अवगत कराने के लिए होटल सरयल कुल्लू में कार्यशाला लगाई गई।

कार्यशाला में अशोक कुमार गौतम ( एमएसएमई डीएफओ सोलन) और जिला परिषद लाहौल स्पीति के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने नवाचार को बढ़ावा और व्यवसाय वृद्धि को गति देने पर प्रकाश डाला। यह कार्यशाला बौद्धिक संपदा अधिकारों, विशेष रूप से ट्रेडमार्क और पेटेंट के महत्व पर केंद्रित रही। विशेषज्ञों अधिवक्ता निखिल बिसेन व सत्येंद्र सिंह रावत ने बताया कि एम.एस.एम.ई. अपने उत्पादों और नवाचारों की सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने के लिए ट्रेडमार्क और पेटेंट का उपयोग कर सकते हैं।

## 'एंटी हेल नेट' की सफेद चादर डालने के काम में जुटे बागवान

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

निरमंड खंड के अंतर्गत सेब बागानों में बागवान इन दिनों सेब पौधों पर एंटी हेलनेट डालने के कार्य में व्यस्त हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते इस बार सर्दियों में बर्फबारी कम होने से और मौसम साफ रहने से अब संभावित ओलावृष्टि का खतरा मंडराने लगा है। वहीं , कई इलाकों में स्वर्ग प्रवास से लौटे देवी-देवताओं ने इस बार ओलावृष्टि की भविष्यवाणी भी सुनाई है, जिससे बागवान अपनी सेब फसल की पैदाबार को लेकर चिंतित हो उठे हैं और ओलावृष्टि से बचाव को समय रहते अपने सेब बागीचों में एंटी हेल नेट की सफेद चादर ओढ़ाने के कार्य में जुट गए हैं।

**निरमंड में बहा रहे पसीना**



ओलावृष्टि से बचाव के लिए एंटी हेल नेट का लगाना बेहद ही कारगर माना जाता है। बागवानों का मानना है कि एंटी हेल नेट लगाने से बीमों और पतियों का बचाव होता है और तापमान भी सामान्य रहता है, जबकि सेब की सेटिंग भी अच्छी होती है।

बागवानी विभाग के उद्यान प्रसार अधिकारी अर्सू सूरत राम का कहना है कि एंटी हेल नेट लगाने से जहां पौधों में बीमे बचाव होता है, वहीं बीमा अगले साल के लिए भी स्वस्थ रहता है।

उन्होंने कहा कि एंटी हेल नेट की सब्सिडी के लिए बागवान अपना आवेदन बागवानी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्प्रे शेड्यूल की पहली स्टेज की सभी दवाइयां बागवानी विभाग निरमंड सहित अन्य प्रसार केंद्रों पर उपलब्ध हैं।

## वन अधिकार अधिनियम-2006 तत्कालीन कांग्रेस सरकार की देन : अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



जिला लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने काजा स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में वन अधिकार अधिनियम- 2006 के तहत 42 पात्र लाभार्थियों को एफआरए प्रमाण पत्र वितरित किए। वन अधिकार अधिनियम- 2006 के तहत जिन 42 पात्र लोगों को जमीन के पट्टे वितरित किए गए, उनमें से अधिकतर लोगों के इंतकाल भी मौके पर ही किए गए।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम-2006 तत्कालीन कांग्रेस सरकार की देन है, जिससे कई निर्धन एवं भूमिहीन लोगों को उनकी अपनी मालिकाना जमीन मिल गई है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि वह वन अधिकार अधिनियम-2006 से संबंधित जानकारी एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं से आम जनता को जागरूक करें ताकि राज्य सरकार की समावेशी नीतियों का लाभ निर्धन एवं उपेक्षित वर्गो को मिल सके। इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की भी अध्यक्षता की। इस दौरान काजा शहर में डंपिंग साईट और विशेषकर सर्दियों में कचरा प्रबंधन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा साडा क्षेत्र में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन और जलनिकासी इत्यादि समस्याओं पर चर्चा की गई और सदस्यों के सुझाव आमंत्रित किए गए।

इस दौरान साडा वेरियर स्थापित करने पर भी चर्चा के उपरांत काजा में साडा वेरियर स्थापित करने पर सहमति बनी। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा की गई। इस अवसर पर कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा, जिला यूथ अध्यक्ष एवं टीएसी सदस्य केसंग रापचिक, टीएसी सदस्य वीर भगत और छेवांग रिंगजिन, ग्राम पंचायत प्रधान काजा सोनम डोलमा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग, खंड विकास अधिकारी अंशुल, नायब तहसीलदार मोहन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## लाहौल-स्पीति पुलिस ने चंद्रा नदी से खदेड़े पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति पुलिस ने मंगलवार को चंद्रा नदी से पर्यटकों को खदेड़ा है। पुलिस ने पर्यटकों को हिमस्खलन वाले स्थानों बारे भी जानकारी दी। जैसे-जैसे समर सीजन शुरू हो रहा है, वैसे-वैसे पर्यटकों की भी आमद बढ़ रही है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने नदी किनारे जाने वालों के लिए जुर्माने का प्रावधान किया है। पुलिस समय समय पर पर्यटकों को जागरूक कर रही है।

खतरे से अनजान पर्यटक बर्फ का आनंद लेते लेते चंद्रा नदी तक पहुंच रहे हैं। गौर हो कि गत नवंबर महीने में नदी किनारे फोटो लेते समय पर्यटक चंद्रा नदी में डूब गया था। लाहौल के पर्यटन कारोबारी तेंजिन व विवेक ने बताया कि सोमवार को सप्ताहांत के मुकाबले पर्यटकों की आमद कम देखने को मिली। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है। जिला पुलिस ने घाटी में आए सभी पर्यटकों से अपील कि की वे एवलांच वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, क्योंकि यह अत्यधिक जोखिम भरा हो सकता है। इसके अलावा, नदियों और नालों के समीप न जाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि अचानक जलस्तर बढ़ने या भूस्खलन जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। पुलिस ने सुरक्षा का ध्यान रखने और जिला पुलिस के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। एसपी लाहुल स्पीती इल्मा अफरोज ने बताया की खतरे को देखते हुए पर्यटकों को नदी किनारे न जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**रोष** एनएच 305 की हालत खस्ता; सड़कों पर उतरे लोग, की नारेबाजी

# बंजार में लोगों ने तीन घंटे किया चक्का जाम

**अनंत ज्ञान बंजार**

नेशनल हाईवे-305 की की हालत बेहद खस्ता है। मंगलवार को बंजार में लोग सड़कों पर उतरे और एनएचएआई के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। यही नहीं गुस्साए लोगों ने बंजार में पुराने बस स्टैंड के पास तीन घंटे तक चक्का जाम किया। इस दौरान एनएच अथॉरिटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इससे पहले प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों लोगों ने बंजार स्थित एनएच कार्यालय का भी घेराव किया।

एनएच प्रबंधन का एक पुतला भी फूंका। एसडीएम बंजार को भी मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रेषित किया। गौर रहे कि एनएच-305 की हालत बेहद खराब बनी हुई है। लोगों के बार-बार आग्रह के बावजूद एनएच अथॉरिटी इसकी सुध नहीं ले रही है। लोगों का का कहना है कि विभागीय लापरवाही और नौकरशाही की सुस्ती के कारण इस सड़क का सुधार कार्य वर्षों से अटका पड़ा है। जगह-जगह खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे यातायात बाधित रहता है और यात्रा समय अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि 2023 की आपदा के बाद भी नहीं हुआ सुधार नहीं हुआ है। पिछले वर्ष मानसून के दौरान भारी भूस्खलन के कारण यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन लगभग दो साल बाद भी मरम्मत का कार्य अधूरा पड़ा है।



स्थानीय लोगों को संदेह है कि फंड आवंटित होने के बावजूद इसे सही ढंग इसका प्रयोग नहीं किया गया है। सड़क की सड़क की खस्ता हाल होने सेपर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भारी असर है।

मंगलवार को नेशनल हाईवे-305 संघर्ष समिति के बैनर तले बंजार में सैकड़ों लोग काले झंडों के साथ प्रदर्शन में उतरे। जिभी वैली टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन किशन चौहान ने कहा कि एनएच-305 की हालत को सुधारा जाए, पांच महीने पहले भी लोगों ने प्रदर्शन किया था। इस दौरान लोगों को आश्वासन मिला था कि जल्द ही एनएच को दुरुस्त कर दिया जाएगा, लेकिन अब पर्यटन सीजन भी शुरू होने वाला है और एनएच की हालत जस की तस है।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मंगलवार को एनएच अधिकारियों से अपनी बात रखी तो अधिकारियों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद लोगों ने चक्का जाम करने का निर्णय लिया। हालांकि जब एनएच के अधिकारियों की ओर से लिखित में आश्वासन दिया गया तो उसके बाद ही लोग सड़क से उठे। उन्होंने कहा कि इस तरह की अनदेखी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एपीएमसी अध्यक्ष कुल्लू और लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां, ललित कुमार, वरुण भारती, गुमान सिंह, अजीत राठौर, टीसी महंत, जोगिंद्र ठाकुर, महेंद्र चौहान, जगदीश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन की अनदेखी पर शौरी ने जताया रोष


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि नेशनल हाईवे 305 (एनएच-305) की बदहाल स्थिति को लेकर बंजार नगर में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने एक जोरदार रोष प्रदर्शन हुआ। कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंजार नगर में प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई व चक्का जाम भी किया गया।

उन्होंने कहा कि एनएच-305 कुल्लू मुख्यालय व मुख्य राजमार्ग को बंजार घाटी से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन कई वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं की गई है। जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस आंदोलन को भरपूर सहयोग देने की बात कही है। प्रशासन की उदासीनता पर गुस्सा जाहिर करते हुए विधायक शौरी ने कहा है कि कई बार प्रशासन को ज्ञापन देने व विधानसभा में बात रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## अपनों के लिए कड़े नियम, बाहरी लोगों को सरकार दे रही खुली छूट : रोशन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वेलनेस सेंटर, होटल और अस्पतालों के लिए दरवाजे खोले हैं, जिसका वह स्वागत करते हैं, लेकिन प्रदेश पर्यटन परियोजनाओं के लिए धारा 118 में ढील देना उचित नहीं। इससे प्रदेश के लोगों को नुकसान होगा जबकि बाहरी उद्योगपतियों का प्रदेश में कब्जा हो जाएगा।



उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपनों के लिए कड़े नियम कर रही है, जबकि बाहरी लोगों को खुली छूट दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों विभागों की औपचारिकताओं में डूबते जा रहे हैं, जबकि सरकार बाहरी लोगों को नए होटल, वेलनेस सेंटर और अस्पताल परियोजनाओं के लिए सभी सरकारी मंजूरी 30 दिनों के भीतर प्रदान करने की बात कर रही है, जो कि यह कहां तक न्याय संगत है।

बेहतर कनेक्टिविटी के प्रयास करने की बात सराहनीय है, लेकिन अपनों के बजाए दूसरों को तवज्जो देना सही निर्णय नहीं है। धारा 118 में ढील के मामले पर सरकार पुन: सोच विचार करे अन्यथा होटल कारोबारी सड़क में उतरने को विवश होंगे।

**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग कार्यालय एवं न्यायालय ग्राम पंचायत लांगणा**
**डाक. लांगणा विकास खंड चौन्तड़ा तह. जोगिंद्रनगर जिला मण्डी हि.प्र.**

**प्रस्ताव संख्या 5:-** वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निविदाएं लेने बारे:- यह की ग्राम पंचायत लांगणा द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि चालु वित्त वर्ष 2025-26 मे विभिन्न मदों से समस्त निर्माण कार्य के निर्माण सामग्री व वस्तुओं की खरीद की जानी प्रस्तावित है। जिसकी सप्लाई करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सप्लाई कर्ता दिनांक 09/04/2025 तक 1बजे दोपहर तक निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक या व्यक्ति गत रुप से पहुंचा सकता है। कुटेशन उसी दिन 1 बजे निविदादाताओं/पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण:-** रेता क्रशर फाइन सैंड व क्रशर 10, 20 एमएम प्रति घन मीटर, बोल्डर स्टोन प्रति घन मीटर, कट स्टोन प्रति घन मीटर, जेसीबी मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, ईंटें ए, बी, सी प्रति 1 नंबर, शटरिंग लकड़ी की प्रति मीटर, शटरिंग लोहा प्लेट प्रति मीटर, सीमेंट ढुलान लोडिंग/अनलोडिंग सहित प्रति बैग, सामग्री ढुलान खच्चरों से प्रति घन मीटर, साईन बोर्ड 3X2.5 लिखाई सहित, प्रति 1 नंबर, लकड़ी चौखट (खिड़कियां दरवाजा इत्यदि) प्रति फुट, डस्टबीन/बैंच/वाटर कूलर/इंसुलेटर मशीन प्रति युनिट, हॉट और कोल्ड वाटर डिस्पेंसर प्रति युनिट, ओपन जीम/बच्चों के लिए पॉर्क प्रति युनिट, E-Toilet Single/Double प्रति युनिट, सोलर लाईट रिपेयर प्रति लाईट प्रति लाइट।

नोट व शर्ते:- 1 बिना जीएसटी नंबर के निविदादाताओं की निविदाएं मान्य नहीं की जाएगी। 2. निविदा पास होने पर सप्लाईकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुबंध पत्र देना होगा। 3. सामग्री की गुणवता/मात्रा को जांचने का पंचायत को अधिकार होगा। 4. सीजीएसटी व एसजीएसटी वस्तु के मूल्य में ही शामिल होगा अलग नहीं होगा। 5. सप्लाई कर्ता को गाड़ियों के दस्तावेज की प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी। 6. सामान मूल्य की निविदाएं होने पर वस्तु का तुलनात्मक के बाद अधिकार पंचायत का होगा जिसकी अपील न्यायालय मे नहीं होगी। 7. रेत, बजरी, पत्थर के फार्म एक्स उपलब्ध करवाने होंगे।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत लांगणा**

## न्यूज ब्रीफ

### पादरी बजिंदर सिंह को उम्रकैद : दुष्कर्म मामले में मोहाली कोर्ट ने सुनाई सजा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली के जीरकपुर की महिला के साथ दुष्कर्म मामले के आरोपी पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली की अदालत ने ताउम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस ने पादरी को हिरासत में ले लिया था। वह पटियाला जेल में बंद है। पीड़िता के वकील एडवोकेट अनिल सागर ने बताया कि बजिंदर एक आध्यात्मिक नेता के रूप में लोकप्रिय है। उसके अनुयायी उन्हें 'पापा जी' कहकर बुलाते थे। जब इस तरह का अपराध ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, तो उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए। हम सजा की अवधि से संतुष्ट हैं। उसे अपनी आखिरी सांस तक सलाखों के पीछे रहना होगा। कोर्ट में फैसला सुनने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। थोड़ी देर बाद होश में आने के बाद पीड़िता ने कहा कि कोर्ट पर उसे पूरा भरोसा था। उन्होंने इतना बड़ा फैसला सुनाकर और भी पीड़ित महिलाओं के लिए मिसाल बनाई है।

### आदित्य हत्याकांड: डीसी ने मजिस्ट्रियल जांच के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र आदित्य ठाकुर की हत्या के मामले में डीसी ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, छात्रों ने मंगलवार को स्टूडेंट सेंटर पर डीएसडब्ल्यू के ऑफिस के बाहर दरवाजा बंद कर नारे लगाए नालागढ़ निवासी मृतक आदित्य ठाकुर सीएसई कंप्यूटर इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसके दोस्त अर्जुन दलाल ने पुलिस को बताया कि वह यूआईईटी में शुक्रवार की रात को अपने दोस्त आदित्य, अभय और अनिरुद्ध के साथ मासूम शर्मा का शो देखने के लिए आए थे। स्टेज के पास पीछे की तरफ आरोपियों ने अचानक से उन पर हथियारों के साथ हमला कर दिया। इन युवकों ने गाली गलौच करते हुए आदित्य को पकड़ लिया और एक युवक ने उसकी जांघ में चाकू घोंप दिया। हमलावरों ने अनिरुद्ध के सिर पर डंडे मारे, जिससे वह भी लहुलूहान हो गया। जब वह लहूलुहान हो गए तो हमलावर वहां से फरार हो गए।

### डॉ. प्रेम सिंह ने संभाला महानिदेशक का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** डॉ. प्रेम सिंह ने आज हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, डॉ. सिंह विभाग के मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। डॉ. प्रेम के पास इस क्षेत्र का विशाल अनुभव है। उनके इस अनुभव और समर्पण से हरियाणा के कृषि और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण सुधार होगा। उनकी नेतृत्व क्षमता से इस क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा और विभाग की परियोजनाओं को मजबूती मिलेगी। विभाग के अधिकारियों, विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी संघों के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों ने डॉ. प्रेम सिंह को उनकी नई नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी।


### पीजीआई चंडीगढ़ में हिंदी में लिखे जाएंगे दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के लिए रोजाना हजारों की तादाद में मरीज पहुंचते हैं, जिनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों के मरीज शामिल होते हैं। इनमें से अधिकांश मरीज कम पढ़े-लिखे होते हैं, जिससे अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए पीजीआई प्रशासन अब राजभाषा हिंदी को अपनाकर मरीजों की समस्याओं को हल करने की दिशा में काम कर रहा है। पीजीआई प्रशासन का मानना है कि हिंदी भाषा का अधिक उपयोग मरीजों को जरूरी जानकारी आसानी से समझने में मदद करेगा। इसी क्रम में अस्पताल में अब दिशा-निर्देश, विभागों के नाम, फॉर्म और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं हिंदी में उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी में भाषा को बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। इसी के तहत संस्थान से हिंदी भाषा को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है। सभी कार्यालयों के कंप्यूटरों में हिंदी फांट इंस्टॉल किया जा रहा है। कर्मचारियों को हिंदी टाइपिंग करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकारी दस्तावेजों और चिट्ठी-पत्री को हिंदी में रखने के लिए अलग रजिस्टर बनाया जाएगा। छुट्टी के आवेदन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए हिंदी-अंग्रेजी का उपयोग किया जाएगा।

# अप्रैल में शिक्षकों को पदोन्नत कर दिए जाएंगे सेंटर: शिक्षा मंत्री

## मई के प्रथम सप्ताह में टीचरों का ट्रांसफर ड्राइव शुरू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार लाना है। इसी कड़ी में अप्रैल 2025 में पीआरटी से टीजीटी, टीजीटी से पीजीटी, पीजीटी से प्रिंसिपल, प्रिंसिपल से बीईओ, बीईओ से डिप्टी डीईओ और डिप्टी डीईओ से डीईओ की प्रमोशन कर दी जाएगी। अप्रैल महीने में ही सभी नवनियुक्त व प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों को उनके स्टेशन दे दिए जाएंगे।

ढांडा मंगलवार को सिविल सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखकर पीआरटी, टीजीटी व पीजीटी की पोस्टों का रेशनेलाइजेशन कर दिया जाएगा। मई के प्रथम सप्ताह में अलग-अलग चरणों में सभी तरह के टीचरों का ट्रांसफर ड्राइव शुरू करके जुलाई में सभी को उनके नए स्टेशन पर ज्वाइन करवा दिया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी की बजट भाषण में की कई गई घोषणा के मद्देनजर हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को और बेहतर शिक्षा मिल सके। बैठक में हरियाणा स्कूल एजुकेशन के प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंकज अग्रवाल, एलीमेंट्री एजुकेशन के डायरेक्टर विवेक अग्रवाल और सेकेंडरी एजुकेशन के डायरेक्टर जितेंद्र दहिया मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### रोहतक में होगा दो दिवसीय 'हरियाणा फिल्म महोत्सव'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, जीवंत लोक जीवन, स्वस्थ खान-पान, बहुरंगी सांस्कृतिक आयामों पर केंद्रित 'हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025' आगामी 4-5 अप्रैल को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। एमडीयू के टैगोर सभागार में 4 अप्रैल को इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्यातिथि होंगे, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महोत्सव के समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि होंगे। प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह दोनों कार्यक्रमों में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में तीन विशेष कार्यशाला (मास्टर क्लास) का आयोजन होगा। 'स्क्रिप्ट टू सिनेमा', 'हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत की भूमिका' तथा 'क्षेत्रीय (हरियाणवी) सिनेमा का महत्व व विकास क्यों जरूरी' विषयों पर मास्टर क्लास का आयोजन होगा।

# जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन के लिए करें : कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में 'ब्लू रेवोल्यूशन' को बढ़ावा मिलेगा।

**राज्य में 'ब्लू रेवोल्यूशन' को बढ़ावा देने का आह्वान**

कृषि मंत्री मंगवार को कृषि एवं किसान कल्याण, तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने मत्स्य पालन और कृषि विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और अधिकारियों से पहले चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने को कहा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर मछली पालन को बढ़ावा देकर किसानों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत तलाशने की आवश्यकता जताई।

इस अवसर पर भिवानी और सिरसा जिलों में चल रही मत्स्य पालन परियोजनाओं पर भी विशेष चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं के अंतिम ड्रॉइंग को इस माह के अंत तक फाइनल कर लिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि भिवानी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पहले ही पूरा हो चुका है और बिजली-पानी की आपूर्ति की योजना पर काम चल रहा है। टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी, ताकि अप्रैल के अंत तक निर्माण कार्य आरंभ हो सके। वहीं, सिरसा जिले में प्रस्तावित 'प्रोपड फिश फार्म' परियोजना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है, और उपायुक्त को भूमि आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने विभाग को परियोजना की प्रगति रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने मत्स्य पालन, कृषि और मृदा संरक्षण विभागों के बीच संयुक्त बैठक आयोजित करने पर जोर दिया, ताकि जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सके।

# एसबीआई ऑफिस सेक्टर-17 में किया मॉकड्रिल का अभ्यास



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लोकल हेड ऑफिस, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में मॉक फायर ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान आपातकाल नंबर 112 पर कॉल करके चंडीगढ़ फायर सर्विस को सूचित किया गया तथा आपातकालीन सायरन बजने पर सभी फ्लोर मार्सल्स की सहायता से बिल्डिंग को खाली करवाया गया।

मौके पर पहुंची दमकल टीम व चंडीगढ़ फायर सर्विस के अफसर लाल बहादुर गौतम के नेतृत्व में बिल्डिंग में आग बुझाने व बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से दो स्टाफ सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर एंबुलेंस भी बुलाई गई, जिसमें चिकित्सा दल द्वारा बिल्डिंग में फंसने पर बाहर निकाले गए स्टाफ को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने बारे भी बताया गया। इस फायर ड्रिल मे बैंक के फायर अफसर पवन कुमार द्वारा स्टाफ सदस्यों को आग से बचने व सुरक्षित बाहर निकलने की जानकारी दी गई।

## शराब के ठेकों की अलॉटमेंट को लेकर हुआ विवाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एक अप्रैल को हर साल चंडीगढ़ में नए ठेकेदारों को शराब के ठेके अलॉट किए जाते हैं। इस बार ठेकों की अलॉटमेंट को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कई व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि चंडीगढ़ में 97 में से 91 ठेके एक ही ग्रुप को दे दिए गए हैं। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ में 3 अप्रैल तक शराब के ठेकों को बंद रखने और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को होगी, जिसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण थी। नीति के तहत किसी भी व्यक्ति, फर्म या कंपनी को 10 से अधिक दुकानें हासिल करने की अनुमति नहीं थी, ताकि एकाधिकार को रोका जा सके।,लेकिन प्रशासन ने इस नियम को नजरअंदाज कर कुछ व्यक्तियों को अपने परिवार, सहयोगियों और कर्मचारियों के माध्यम से दुकानें हासिल करने दी, जिससे शराब व्यापार पर उनका असामान्य नियंत्रण हो गया। याचिकाकर्ताओं का यह भी कहना था कि पूरी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी थी और इसे निष्पक्ष तरीके से आयोजित नहीं किया गया। आबकारी नीति का मूल उद्देश्य शराब की दुकानों का उचित वितरण सुनिश्चित करना और किसी एक समूह का प्रभुत्व रोकना था, लेकिन इस टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ियां साफ नजर आईं।

# कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने सीएम सैनी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की तथा कोल्ड स्टोरेज मार्केट फीस प्रणाली को एकमुश्त से स्लैब आधारित संरचना में बदलने तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

स्लैब आधारित एकमुश्त शुल्क प्रणाली के कार्यान्वयन तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने से छोटे और मध्यम कोल्ड स्टोरेज संचालकों को काफी राहत मिलेगी। नई प्रणाली के तहत, फीस उनकी भंडारण क्षमता के आधार पर होगी, जिससे न केवल छोटे संचालकों पर बोझ कम होगा, बल्कि नए निवेशकों और उद्यमियों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा।

गौरतलब है कि हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सैनी से मुलाकात कर एकमुश्त मार्केट फीस प्रणाली से आ रही कठिनाइयों से उन्हें अवगत करवाया था। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बात को सहानुभूतिपूर्वक सुना और जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने मार्केट फीस प्रणाली को उद्योग की आवश्यकता के अनुसार संशोधित करके यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार व्यापार, उद्योग व कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने व्यापारिक नीतियों में पारदर्शिता और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है और यह भी उन्हीं निर्णयों में से एक है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 41 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपए की कटौती की गई है। नई कीमत मंगलवार से लागू हो जाएंगी। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1762 रुपए में मिलेगा। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले एक जनवरी को भी वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14.50 रुपए की कटौती की गई दिसंबर में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 62 रुपए का इजाफा किया गया था। नई कीमतों का लाभ व्यापारियों वर्ग को मिलेगा। रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन सिलेंडरों का इस्तेमाल होता है।

### इंफाल में हथियारों के साथ पांच उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों के विभिन्न हिस्सों से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी नोयोन (केसीपी-एन) के पांच संदिग्ध सदस्यों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के पास से नौ एमएम की एक पिस्तौल भी शामिल है।

### अमेरिका का चीन व हांगकांग के छह अधिकारियों पर बैन

**हांगकांग।** अमेरिका ने चीन और हांगकांग के छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे, जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। अमेरिका ने न्याय सचिव पॉल लैम, सुरक्षा कार्यालय निदेशक डोंग जिंगवेई और पुलिस आयुक्त रेमन पर प्रतिबंध लगाया है।

## देश-विदेश

# आज से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैक्स लगाएंगे ट्रंप, बोले- भारत टैरिफ घटाने को राजी

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2 अप्रैल से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैक्स लगाने वाले हैं। इस बीच ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को काफी हद तक कम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कई देश अपने टैरिफ कम कर देंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि वे अमेरिका के साथ गलत रहे हैं।

यूरोपीय संघ पहले ही अपने टैरिफ 2.5 फीसदी तक घटा चुका है। मुझे हाल ही में पता चला कि भारत भी अपने टैरिफ को काफी हद तक घटाने जा रहा है।

ट्रंप ने 2 अप्रैल को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे का नाम दिया है। इसी दिन से वे भारत समेत कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहे हैं। वहीं, चीन, जापान और साउथ कोरिया ट्रंप के इस फैसले के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। चीनी स्टेट मीडिया सीसीटीसी से जुड़े एक सोशल मीडिया अकाउंट की तरफ से किए गए पोस्ट में ये दावा किया गया है। चीन, जापान और साउथ कोरिया ने पांच साल बाद रविवार को आर्थिक चर्चा की। इस चर्चा के दौरान तय किया गया ट्रंप की तरफ से अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा के बीच तीनों एशियाई देश आपसी ट्रेड को बढ़ावा देंगे। इसके अलावा तीनों देशों के ट्रेड मिनिस्टर्स ने आपस में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी जताई है।

### साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ तुषार गांधी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ दायर महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने याचिका दायर करने में दो साल से अधिक की देरी होने का उल्लेख करते हुए कहा कि वह याचिका में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। गांधी ने गुजरात उच्च न्यायालय के खिलाफ अपनी याचिका में तर्क दिया था कि प्रस्तावित परियोजना आश्रम की स्थलाकृति को बदल देगी। याचिका में कहा कि इस परियोजना में कथित तौर पर 40 से अधिक इमारतों की पहचान की गई है, जिन्हें संरक्षित किया जाएगा।

# नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या घटकर 12 से 6 रह गई : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण अपनाकर और सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करके 'सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत' का निर्माण कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत नक्सलवाद को 31 मार्च, 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र छह करके एक नयी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिले वे हैं जहां नक्सली गतिविधियां एवं हिंसा अब भी जारी है। एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों को 'सबसे अधिक प्रभावित जिले' के रूप में उप-वर्गीकृत किया गया है। यह 2015 में लायी गई शब्दावली है। इसके अलावा एक उप वर्ग 'ऐसे जिले हैं जहां चिंता है'।

# मूडीज का दावा: भारत की वृद्धि दर जी-20 देशों में सबसे अधिक रहेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की वृद्धि दर कर उपायों व निरंतर मौद्रिक सहजता के दम पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहेगी, जो कि जी-20 देशों में सबसे अधिक होगी।

साथ ही देश पूंजी आकर्षित करना जारी रखेगा और किसी भी विदेशी निकासी को झेल सकेगा। मूडीज रेटिंग्स ने उभरते बाजारों पर मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी नीतियों के मंथन तथा वैश्विक पूंजी प्रवाह, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार व भू-राजनीति को नया आकार देने की उसकी क्षमता के कारण ऐसी अर्थव्यवस्थाओं पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। हालांकि, बड़े उभरते बाजारों के पास इससे निपटने के लिए संसाधन हैं। रिपोर्ट में कहा गया, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधि उच्च स्तरों से थोड़ी धीमी हो जाएगी, लेकिन इस साल और अगले साल मजबूत रहेगी।

### संभल मस्जिद की रंगाई-पुताई संबंधी आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुगलकालीन जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई कराने का निर्देश दिया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को जामा मस्जिद की पुताई का काम एक सप्ताह में पूरा करने का 12 मार्च को निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना एवं न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि हम मौजूदा याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। इसे खारिज किया जाता है।

### 1991 के उपासना स्थल अधिनियम से जुड़ी याचिका पर नहीं होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली नयी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अधिनियम में किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 के अनुसार बनाए रखने का प्रावधान है।

# डिजिटल भुगतान में भारत को ग्लोबल लीडर बनाने में आरबीआई की भूमिका अहम : मुर्मू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का मिशन एक ऐसे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की मांग करता है, जो नवोन्मेषी, अनुकूलनीय और सभी के लिए सुलभ हो।

उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भारत को डिजिटल भुगतान में ग्लोबल लीडर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुंबई में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्रीय बैंक के रूप में आरबीआई भारत की अविश्वसनीय विकास गाथा के केंद्र में है। आरबीआई की पिछले 90 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना करते हुए उन्होंने इस बात जोर दिया कि सभी के वास्ते सुलभ वित्तीय परिवेश तंत्र 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में आरबीआई इस यात्रा में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा, जिसमें एक सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली सुनिश्चित करना, वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देना और हमारे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में विश्वास की रक्षा करना शामिल है।

### 32 साल बाद केंद्र को सौंपी जाएगी टाइगर मेमन की संपत्ति

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आदेश दिया कि इस महानगर में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के कथित मुख्य साजिशकर्ता में से एक टाइगर मेमन और उसके परिवार की 14 संपत्तियां केंद्र सरकार को सौंपी जाएंगी। आतंकवादी और विध्वंसकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम-1987 (टाडा) अदालत के आदेश के बाद ये संपत्तियां 1994 से बंबई उच्च न्यायालय के 'रिसीवर' के कब्जे में थीं। मुंबई के विभिन्न हिस्सों में 12 मार्च 1993 को हुए सिलसिलेवार 13 बम धमाकों में 257 लोगों की जान चली गई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। सीबीआई ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी।

# शेयर बाजार में मचा हाहाकार 1390 अंक लुढ़का सेंसेक्स

**एजेंसी, मुंबई**



वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1390 अंक (करीब 1.80 फीसदी) गिरकर 76,024 के स्तर पर बंद हुआ। यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स में 28 फरवरी को 1414 (1.90 फीसदी) अंक की गिरावट रही थी।

निफ्टी में भी करीब 353 अंक (करीब 1.50 फीसदी) की गिरावट रही, ये 23,165 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस में सबसे ज्यादा करीब 4 फीसदी गिरकर बंद हुए। एनएसई के 50 शेयरों में से 36 में गिरावट रही। सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो रियल्टी में 3.11 फीसदी, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 2.50 फीसदी, आईटी में 2.45 फीसदी, फार्मा में 1.73 फीसदी और प्राइवेट बैंक में 1.21 फीसदी की गिरावट रही।

# राजनीति मेरे लिए 'फुल टाइम जॉब' नहीं, मैं असल में योगी हूं : आदित्यनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य में उनके प्रधानमंत्री बन सकने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि राजनीति उनके लिए 'फुल टाइम जॉब' नहीं है और वह दिल से योगी हैं।

आदित्यनाथ ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि उनका प्राथमिक काम उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करना है जो उनकी पार्टी ने उन्हें सौंपा है। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं और पार्टी ने मुझे राज्य के लोगों की सेवा करने के लिए यहां रखा है। आदित्यनाथ ने संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रति बढ़ते समर्थन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राजनीति मेरे लिए एक 'फुल टाइम जॉब' नहीं है। इस समय मैं यहां काम कर रहा हूं लेकिन वास्तविकता में मैं हूं तो एक योगी ही।'' यह पूछे जाने पर कि उनकी राजनीति में कब तक बने रहने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी भी एक समयसीमा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके जवाब का मतलब यह है कि राजनीति उनके लिए 'फुल टाइम जॉब' नहीं है, आदित्यनाथ ने दोहराया कि हां मैं वही कह रहा हूं।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
145





पर्पल कैप
**नूर अहमद**
09





सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
13

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 3. | लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 4. | गुजरात | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 5. | पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 6. | मुंबई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 7. | चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 8. | हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 9. | राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 10. | कोलकाता | 03 | 01 | 02 | 02 |

**आईपीएल** जीत की हैट्रिक लगाने टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैदान पर उतरेगी आरसीबी

# गुजरात-बेंगलुरु आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरुआत की है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि, बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं, जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.6 की औसत से रन दिए।
गुजरात टाइटंस के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दे। नई गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी उपयोगी साबित हुए हैं। स्पिन विभाग में क्रुणाल पांड्या और सुयांश शर्मा कमजोर लग रहे हैं, जबकि गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं। ऐसे में विराट कोहली, फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल की असल परीक्षा स्पिनरों के सामने होगी। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं ।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयांश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को दी कांटे की टक्कर



एडेन मारक्रम का विकेट लेने के बाद खुशी जताते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी।

**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल का 13वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच लखनऊ के इकाना (अटल बिहारी वाजपेयी) स्टेडियम में खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।

पहले बल्लेबाजी करने आए लखनऊ के बल्लेबाज मिचेल मार्श ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए और अर्शदीप की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मारक्रम ने पारी को संभाला और 18 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद निकोलस पूरन क्रीज पर डटे रहे और 30 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान ऋषभ पंत मात्र 2 रन बनाकर चलते बने। समाचार लिखे जाने तक लखनऊ ने 14 ओवरों में 112 रन बना लिए थे। आयुश बडोनी (22) और डेविड मिलर (17) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

# ब्रैथवेट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, शाई होप होंगे टी-20 टीम के नए कप्तान

**एजेंसी, एंटीगुआ**



क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में जहां शाई होप को टी-20 प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को टीम के कप्तान को लेकर बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए ब्रैथवेट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं की है। एकदिवसीय कप्तान शाई होप को टी-20 टीम की जिम्मेदारी दी गई है। वह रोवमैन पॉवेल की जगह लेंगे। ब्रैथवेट को 2021 में टेस्ट कप्तान बनाया गया था। उनके नेतृत्व में, वेस्टइंडीज ने 2024 में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। गाबा में एक यादगार जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में, ब्रैथवेट ने वेस्टइंडीज को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दिलाकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023/25 अभियान का समापन किया।

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पिछले 18 महीनों में एकदिवसीय मैचों में शाई होप की सफलता को देखते हुए उन्हें टी-20 का कप्तान बनाना वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए एक अच्छे बदलाव का संकेत हैं। होप जून में आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर टी-20 कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। इस सीरीज में तीन टी-20 मैच खेलें जाएंगे।

# अश्वनी की गेंद लोग जितना समझते हैं उससे काफी तेज आती है : रिकेलटन

**एजेंसी, मुंबई**



मुंबई इंडियंस के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने टीम के साथी अश्वनी कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंद 'लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज गति से आती है।' पंजाब के वामहस्त तेज गेंदबाज ने सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवर में 24 रन पर चार विकेट लेकर स्वप्निल पदार्पण किया। उनकी शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने केकेआर को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट करने के बाद आठ विकेट से आसान जीत दर्ज की। सत्र की पहली जीत के साथ ही मुंबई की टीम तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। रिकेल्टन ने वानखेड़े स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया से कहा, ''उसकी गेंदबाजी लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं। यह उनकी एक बड़ी खूबी है। वह नई गेंद को स्विंग करने में सक्षम है।'' दक्षिण अफ्रीका के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, ''आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं और उसकी गेंद थोड़ी नीचे भी रहती है। वह निश्चित रूप से इस टीम में बेहतरीन खिलाड़ी हैं और यहां की पिच उसके अनुकूल है।'' रिकेलटन ने कहा, ''मैं उसे नई गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं ताकि वह अपने अन्य कौशल दिखा सके। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक अच्छी खोज हैं और मैं वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह कैसा प्रदर्शन करता है।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया के कुहनेमन को गेंदबाजी एक्शन में मिली क्लीन चिट



**एजेंसी, मेलबर्न।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025-26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में सीरीज में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था। उन्होंने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिए हैं, जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है। उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### बुमराह-संजना की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह और संजना गणेशन की लव स्टोरी बिलकुल फिल्मी है। बुमराह और संजना खूबसूरती के मामले में भी बॉलीवुड कपल्स से कम नहीं हैं।



### अर्जुन मैनी नए डीटीएम सत्र में फोर्ड की टीम के लिए करेंगे रेसिंग




**एजेंसी, माईपाथ (जर्मनी)।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के लिए रेसिंग करेंगे। पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरेनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था। पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा। हॉप्ट रेसिंग टीम (एचआरटी) इस साल पहली बार शीर्ष श्रेणी की स्प्रिंट सीरीज में दो फोर्ड मुस्टैंग जीटी थ्री में प्रवेश करेगी। शुरूआती रेस 25-27 अप्रैल को निर्धारित है। मैनी 2022 से विभिन्न रेसिंग सीरीज में एचआरटी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और पिछले सत्र में टीम के साथ डीटीएम में तीन पोडियम स्थान और एक पोल स्थान हासिल किया था। इस भारतीय ड्राइवर ने अब तक प्रतिष्ठित स्प्रिंट सीरीज में कुल 64 बार शिरकत की है।

# वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं । भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं। उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं।

उन्होंने कहा,''आज भारी, लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।''

उन्होंने कहा,''यह विदाई थकान की वजह से नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।'' 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी, जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई।

## मुंबई इंडियंस की जीत पर बोले केन विलियमसन-यह मुकम्मल प्रदर्शन था

**एजेंसी, मुंबई।** आईपीएल में जहां टीमें रनों का अंबार लगा रहीं हैं, ऐसे में मुंबई इंडियंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले मैच में 116 रन पर आउट कर दिया और न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर केन विलियमसन ने इसकी तारीफ की है। मुंबई ने इस सत्र में पहली जीत दर्ज करते हुए केकेआर को आठ विकेट से हराया। विलियमसन ने कहा,''यह संपूर्ण प्रदर्शन था। टॉस जीतना, गेंदबाजी चुनना और रणनीति पर खूबसूरती से अमल करना। एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार को लाना जिसने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार विकेट चटकाए जो देखकर अच्छा लगा।'' उन्होंने कहा,''आजकल इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से अब टीमें बड़े स्कोर बना रही हैं लेकिन मुंबई ने पूरे मैच में दबाव बनाये रखा।''



पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने तीन ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिए। वह आईपीएल पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। पंजाब के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही। मैच हालात और मैदान के हालात के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की। उन्होंने कहा,''कई बार हालात को ध्यान में रखना सबसे जरूरी होता है। यह पारंपरिक बल्लेबाजी वाला विकेट नहीं था, खासकर नयी गेंद से। ऐसे में शुरूआत में एहतियात बरतनी जरूरी थी। गेंद के पुरानी और नरम होने के बाद शॉट खेलने चाहिये थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ।''

# सीआईएसएफ ने इतिहास में दर्ज किया एक **नया पन्ना**



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

सीआईएसएफ के इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ गया, जब 'ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन 2025' का भव्य समापन कन्याकुमारी में हुआ। यह साइक्लोथॉन 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' के नारे के साथ शुरू हुआ था और आज 25 दिनों की लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचा। इस ऐतिहासिक पहल ने पूरे देश का ध्यान खींचा और तटीय सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई।

**25 दिनों में साइकिल जवानों ने पूरा किया 6553 किलोमीटर का सफर**

यह साइक्लोथॉन 7 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तमिलनाडु के रानीपेट जिले के थक्कोलम से वर्चुअल रूप से शुरू किया गया था। 125 सीआईएसएफ के साइकिल चालकों, जिसमें 14 बहादुर महिला जवान भी शामिल थीं, इन्होंने 6,553 किलोमीटर की दूरी तय की। यह यात्रा 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरी। गुजरात के लखपत किले से पश्चिमी तट और पश्चिम बंगाल के बक्खाली बीच से पूर्वी तट की यह यात्रा देश के तटीय इलाकों को जोड़ने का एक शानदार प्रयास था।

इस दौरान साइकिल चालकों ने मुंबई, गोवा, मैंगलोर, कोचीन, विशाखापत्तनम, चेन्नई और पुडुचेरी जैसे बड़े तटीय शहरों में रुककर लोगों से मुलाकात की। हर जगह स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कन्याकुमारी में समापन समारोह विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास हुआ, जहां सीआईएसएफ के महानिदेशक मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# लक्ष्य चाहर की विश्व मुक्केबाजी कप में निराशाजनक शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरुआत निराशाजनक रही, जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए। मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैंपियन चाहर को प्री-क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5-0 से हराया।

चाहर के लिए यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिए। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाए, जबकि चाहर के 135 अंक रहे। भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा। निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी, जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है। पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं। इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किए गए नए भार वर्गों में खेलेंगे।

**संकल्प** गेंदबाज अर्शदीप बोले-दुनिया में सबसे बड़ी गुंजाइश सुधार की है

# मैं अपने हर मैच में करना चाहता हूं बेहतरीन प्रदर्शन

**एजेंसी, लखनऊ**



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी की विकास के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा, ''मेरा प्रदर्शन अच्छा हो या खराब मेरे लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं हर मैच में अपने खेल में एक से डेढ़ प्रतिशत तक का सुधार करूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया में सबसे बड़ी गुंजाइश सुधार की है।'' श्रेयस अय्यर इस सत्र में पंजाब किंग्स की कमान संभाल रहे है और अर्शदीप को उम्मीद है कि टीम इस सत्र में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल होगी।

श्रेयस के साथ अपने रिश्ते और नए कप्तान के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा, ''मैंने दलीप ट्रॉफी में पहले भी अय्यर की कप्तानी में खेला है। मैंने इसका वास्तव में इसका लुत्फ उठाया है। उन्होंने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया और उन्हें अपने मुताबिक खेलने की छूट दी है।'' उन्होंने कहा, ''उनका दृष्टिकोण ऐसा ही रहता है। वह खिलाड़ी को सख्त निर्देश देने की जगह अपने कौशल पर भरोसा करने और टीम के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।''

अर्शदीप ने कहा, ''वह निस्वार्थ दृष्टिकोण के साथ खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देते हैं। मैं वास्तव में इस मानसिकता की प्रशंसा करता हूं और खिलाड़ियों के तौर पर लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने में हम उनकी पूरी मदद करेंगे।''